हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, मंगलवार 6 जनवरी 2026




# चलित थाना के जरिये ग्रामीणों के बीच पहुंचेगी पुलिस, संवाद से सुलझाए जाएंगे मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव पुलिस अब जिले में चलित थाना संवाद अभियान की शुरूआत करने जा रही है। इस पहल के जरिये पुलिस महकमे की कोशिश रहेगी कि यदि कहीं ग्रामीणों के बीच आपसी विवाद की स्थिति निर्मित है तो उसे संवाद के जरिये सुलझाया जाए। गांव में जुआ, सट्टा और शराब के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसने और जानकारी जुटाने के प्रयास किए जाएंगे। वहीं सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों से भी इस दौरान बात कर शरारती बच्चों की जानकारी जुटाई जाएगी। जिससे इन बच्चों को भविष्य में किसी भी तरह के अपराध की तरफ जाने से बचाया जा सके।

एसपी अंकिता शर्मा से मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव पुलिस द्वारा जिले के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस-जन संवाद को सशक्त बनाने एवं जमीनी स्तर पर कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से चलित थाना-संवाद अभियान की शुरूआत की जा रही है। पुलिस और पब्लिक के मध्य विश्वास और संवाद स्थापित करना इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य होगा। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी गांव-गांव जाकर सीधे ग्रामीणों से संवाद स्थापित करेंगे। जिससे समाज में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलेगा। अभियान का उद्देश्य नागरिकों एवं पुलिस के मध्य दोनों दिशाओं में प्रभावी सूचना के आदान-प्रदान को सुनिश्चित करना है। यह योजना जिले के समस्त ग्रामीण थानों में ग्रामवार तथा नगर पालिका एवं नगर निगम क्षेत्रों में वार्डवार लागू की जाएगी।

## जुआ, सट्टा और शराब के अवैध कारोबार की भी जानकारी जुटाएगी पुलिस की टीम

### ग्रामीणों के विवाद निपटाने का करेंगे काम

गांवों में उत्पन्न होने वाले आपसी झगड़ों एवं विवादों का प्राथमिक स्तर पर समाधान करना। यदि दो पक्षों के मध्य विवाद की स्थिति है, तो संवाद के माध्यम से उसे सुलझाने का प्रयास करना। गांवों में घटित हो रही अवैध गतिविधियों जैसे जुआ, सट्टा, अवैध शराब आदि के संबंध में जानकारी संकलित करना।

### टीआई से लेकर आरक्षक तक रहेंगे तैनात



अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी से लेकर आरक्षक स्तर तक के सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी गांवों का भ्रमण करेंगे। विशेष रूप से चिन्हित संवेदनशील गांवों में थाना प्रभारी का स्वयं जाना अनिवार्य किया गया है, ताकि प्रभावी निगरानी, संवाद एवं त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इस हेतु थाना के संपूर्ण ग्रामों का रोस्टर बनाया गया है, जहां प्रति दिवस जाना अनिवार्य होगा। बताया गया कि इस दौरान थाना क्षेत्र के संपूर्ण ग्राम इस योजना के तहत कवर किए जाएंगे।

### प्राचार्यों से लेंगे बच्चों की जानकारी

बताया गया कि इस अभियान के तहत 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों, जो अपराध की ओर अग्रसर हो रहे हैं, उनकी पहचान एवं समय रहते रोकथाम करना। इस उद्देश्य से शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों से संवाद स्थापित कर ऐसे बच्चों की पूर्व जानकारी प्राप्त करना, निगरानी रखना तथा उन्हें समझाइश देना। ग्रामीण क्षेत्रों में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता फैलाना। यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम करना। गांवों में आने वाले फेरीवालों, बाहरी व्यक्तियों तथा गांव के बाहर अड्डेबाजी करने वाले संदिग्ध युवकों के संबंध में जानकारी एकत्र करना।

## खबर संक्षेप

### मोपेड में शराब ले जाते पकड़ाया

**खैरागढ़।** स्कूटी में अवैध रूप से शराब ले जाने वाले आरोपी पर जालबांधा पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी से 32 पौवा शराब बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जालबांधा पुलिस को 4 जनवरी को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोपेड में भारी मात्रा में शराब ले जा रहा है, जिस पर ग्राम जालबांधा दिनु पेट्रोल पंप के पहले कच्ची रास्ता में घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया।

पकड़े गए व्यक्ति का नाम-पता पूछने पर अपना नाम जयप्रकाश यदु 24 साल साकिन घुमका बताया। जिसके कब्जे से मोपेड़ के डिग्गी से 32 नग पौवा शोले देशी प्लेन शराब कीमती 2560 रुपए व मोपेड को जब्त किया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के पाए जाने से आरोपी जयप्रकाश यदु को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर उप जेल सालौनी भेजा गया।

### सहसपुर दल्ली में कल सांस्कृतिक कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** सहसपुर दल्ली में 7 जनवरी को मंडई का आयोजन रखा गया है। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में लोगों से शामिल होने की अपील की गई है।

## छूट बंद होने के भय से अधिकांश बिजली कर्मचारियों ने किया आवेदन

# 80% कर्मियों ने सोलर पैनल के लिए लगाई अर्जी, 51 की सब्सिडी होगी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश के बिजली कर्मचारी और अफसरों को मिलने वाली 50 फीसद की छूट सोलर पैनल नहीं लगवाने पर रोकने के आदेश जारी किए गए थे। इस आदेश का असर ऐसा हुआ कि जिले के 326 बिजली विभाग के अफसर-कर्मचारी में से 80% ने सोलर पैनल लगवाने के लिए आवेदन कर लिया है। 52 के घर में सोलर पैनल लग भी गए। वहीं अब तक आवेदन नहीं करने वाले 51 कर्मचारियों को छूट के दायरे से बाहर कर दिया गया है।

इन कर्मचारियों को पूरा बिल देना होगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना को लेकर छत्तीसगढ़ में बिजली विभाग ने बड़ा और सख्त फैसला लिया है। सोलर कनेक्शन नहीं लेने वाले विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को अब बिजली बिल में मिलने वाली 50 प्रतिशत की विशेष छूट नहीं दी जाएगी। प्रदेशभर के करीब 9 हजार नियमित बिजली कर्मियों से अब आम उपभोक्ताओं की तरह पूरा बिजली बिल वसूला जाएगा। इस संबंध में बिजली विभाग के चेयरमेन के निर्देश पर जनरल मैनेजर ने औपचारिक आदेश जारी कर दिया है।

## आदेश जारीः जिले के बिजली कर्मचारियों के लिए सोलर पैनल लगवाना अनिवार्य



### 325 कर्मचारी सीधे तौर पर होंगे प्रभावित

राजनांदगांव जिले में ही लगभग 325 अधिकारी-कर्मचारी इस फैसले से सीधे प्रभावित होंगे। विभागीय अधिकारियों के अनुसार करीब तीन महीने पहले ही सभी कर्मचारियों को पीएम सूर्यघर योजना में पंजीयन कराने और सोलर कनेक्शन लेने के निर्देश दिए गए थे। जिसके बाद बड़ी संख्या में अफसर-कर्मचारियों ने इस योजना के तहत पंजीयन करा लिया है। वहीं पंजीयन नहीं कराने वाले को छूट का लाभ नहीं दिया जाएगा।

### कर्मचारियों को मिलती थी आधे बिल की छूट

अब तक बिजली विभाग के नियमित कर्मचारियों को घरेलू बिजली उपयोग पर 50 फीसदी तक की रियायत दी जा रही थी। जिससे हजारों कर्मचारियों को हर महीने राहत मिलती थी, लेकिन पीएम सूर्यघर योजना के तहत सोलर रूफटॉप कनेक्शन को अनिवार्य रूप से अपनाने के उद्देश्य से यह छूट अस्थायी रूप से समाप्त कर दी गई है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जब तक कर्मचारी योजना में पंजीयन कराकर सोलर कनेक्शन नहीं लेते, तब तक किसी भी तरह की रियायत लागू नहीं होगी।

### अब लगेगा बिल का पूरा पैसा

ऐसे में आवेदन न करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को मिलने वाली 50 फीसदी की छूट को बंद कर दिया गया है। अब जितनी यूनिट की खपत होगी, उतने टैरिफ का पूरा पैसा देना होगा। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को लेकर प्रदेश सरकार बहुत गंभीर है। ऐसे में इस योजना के लिए केंद्र सरकार की सब्सिडी के साथ ही राज्य सरकार ने भी अपनी सब्सिडी जारी की है। क्लास 1 से 3 तक कुल 326 अधिकारी एवं कर्मचारी हैं, लगभग 52 अधिकारी एवं कर्मचारी के घरों में सोलर प्लांट लग चुका है। कुल 223 लोगों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है और सोलर प्लांट लगने की प्रक्रिया है। कुल 51 लोगों का बिजली बिल में छूट समाप्त हुआ है। इसी बीच जिन्होंने पंजीयन कराया है, उन्हें छूट की पात्रता मिलेगी।

## पैसे ट्रांसफर कराने गया था आरोपी

# शिक्षक ही निकला फोन चोरी का आरोपी, सोशल मीडिया में वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



जिला मुख्यालय मोहला में नए साल के जश्न के बीच एक शिक्षक की शर्मनाक हरकत सामने आई है, जिसने शिक्षक की गरिमा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला 31 दिसंबर दोपहर का है, जब मानपुर रोड स्थित संतोष निर्मलकर की दुकान से मोहला विकासखंड के सांगली प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षक राधेश्याम नेताम द्वारा महंगे एप्पल मोबाइल फोन की चोरी की गई और मोबाइल सहित पकड़ा भी गया।

**0 लेन-देन के बहाने दुकान में घुसा, मौका मिलते ही उड़ाया मोबाइल :** प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी शिक्षक राधेश्याम नेताम पैसे ट्रांजेक्शन कराने के बहाने मोहला स्थित दुकान में पहुंचा। पहले काउंटर पर मौजूद कर्मचारी को बातचीत में उलझाया और काउंटर पर रखे मोबाइल पर नजर जमाए रखा। जैसे ही दूसरा ग्राहक आया और कर्मचारी व्यस्त हुआ, आरोपी पीछे के गेट से मोबाइल चुपचाप उठाकर फरार हो गया। दुकान कर्मचारियों को इसकी भनक तक नहीं लगी।

**0 सीसीटीवी बना गवाह, चोरी करते शिक्षक कैमरे में कैद :** जब दुकान मालिक को मोबाइल गायब होने की जानकारी मिली तो उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा की जांच की। फुटेज में मोहला निवासी शिक्षक राधेश्याम नेताम मोबाइल चोरी करते हुए स्पष्ट रूप से कैद मिला। इसके बाद दुकानदार ने पुलिस थाना मोहला में शिकायत दर्ज कराई।

सूत्रों के मुताबिक चोरी के बाद आरोपी शिक्षक ने मोबाइल को अलग-अलग दुकानों में बेचने की कोशिश की, लेकिन बिल उपलब्ध न होने के कारण दुकानदारों ने खरीदने से इनकार कर दिया। एप्पल कंपनी का मोबाइल होने के कारण अच्छे दाम मिलने की उम्मीद में आरोपी लगातार प्रयास करता रहा।

### खेल आयोजन से हिरासत में लिया गया आरोपी

शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शिक्षक को भोजटोला संकुल स्तरीय खेल आयोजन के दौरान पकड़ा। पूछताछ में पुलिस की सख्ती के बाद आरोपी ने चोरी की बात स्वीकार की और मोबाइल फोन लौटाया। इधर आरोप लग रहा है कि मोहला थाना में पदस्थ पुलिस के ड्यूटी कर्मचारियों ने आरोपी और शिकायतकर्ता का मोहला थाना में समझौता कराते हुए आरोपी शिक्षक से लेन-देन कर मामला रफा-दफा कर दिया।

### कार्रवाई होगी

बहुत ही शर्मनाक घटना है, मामले का तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई तय की जाएगी

-राजेंद्र देवांगन, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहला

# प्रकाश पर्व पर छलका उत्साह, दिल्ली के रागी जत्थे ने किया शबद-कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धर्म और सिद्धांत के लिए प्रतिबद्ध खालसा पंथ के सृजनहार सिख समाज के दसवें गुरू गोविंद सिंह के आगमन की 359वीं प्रकाश पर्व पर सिख समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। इस दौरान शहर के गुरुद्वारे में आकर्षक रोशनी करते सजावट किया गया। प्रकाश पर्व के अवसर पर दिल्ली से पहुंचे सतपाल सिंह के रागी जत्थे ने यहां शबद-कीर्तन किया। वहीं इस दौरान गुरू के लंगर का वितरण किया गया।

खालसा पंथ के सृजनहार दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरूद्वारा साहिब में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह से ही यहां गुरूबाणी गूंजती रही। प्रकाश पर्व के अवसर पर कीर्तन, अरदास और गुरू के लंगर का आयोजन भी किया गया। दिल्ली से पहुंचे रागी जत्थे ने यहां शबद कीर्तन किया। गुरू दी संगत के सेवादार त्रिलोक सिंह ने बताया कि प्रकाश पर्व के अवसर पर स्थानीय रागी जत्थे आकाश सिंह का कीर्तन भी रखा गया था।



### अरदास करने पहुंचे सैकड़ों लोग

प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरूद्वारा साहिब में दिनभर धार्मिक आयोजनों का दौर चलता रहा। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में सिख समाज के लोग शामिल हुए और गुरूद्वारा साहिब में पहुंचकर मत्था टेका और अरदास की। वहीं प्रकाश पर्व के अवसर पर एक-दूसरे को बधाईयां दी।

# सूने मकान में चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सूने मकान को निशाना बनाकर चोरी करने के मामले की जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 3 जनवरी को प्रार्थी सूर्यदेव मरावी 37 साल निवासी विवेकानंद कॉलोनी मटिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 3 जनवरी के दिन 10 बजे से 4.45 बजे के मध्य जब घर में कोई नहीं था, तब अज्ञात चोर द्वारा घर में प्रवेश कर सूने घर में रखे आलमारी एवं लॉकर का ताला तोड़कर लॉकर में रखे सोने के दो हार, मंगलसूत्र, टाप्स, अंगूठी, लॉकेट जेवरात को चोरी कर ले गया कि प्रार्थी की रिपोर्ट अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305 (ए), 331 (1) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।




### सीसीटीवी खंगाला

टीआई आशीर्वाद राहटगांवकर के अनुसार इस मामले में थाना डोंगरगांव की टीम द्वारा घटनास्थल का तत्काल रात में निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करते घटनास्थल पर अजय वर्मा डॉग स्क्वाड प्रभारी मय स्क्वाड बुलवाया गया तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेजों का अवलोकन किया गया। प्रकरण में मुखबीर लगाकर संभावित पुराने आरोपियों की हरकतों पर निगाह रखे जाने लगी।

### आरोपी पकड़े गए

इसी दौरान अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी में लगी टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी पूर्णानंद सोनकर 32 साल निवासी बोधीटोला वार्ड नं. 11 डोंगरगांव, महिला आरोपी 35 साल निवासी बोधीटोला व विधि से संघर्षरत बालक को पकड़कर पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा चोरी की उक्त घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से न सिर्फ चोरी की लाखों के सोने का जेवरात जब्त किया गया, बल्कि हथियार और औजार भी जब्त किए गए।


**किराये से देना है, राजनांदगांव में**



गंज लाईन मेन रोड में सेन्ट्रल बैंक, बिल्डिंग के बेसमेन्ट, फर्स्ट फ्लोर, सेकण्ड फ्लोर में 30x150 = 4500 फुट के कमर्शियल तीन हॉल, लिफ्ट की सुविधा के साथ

संपर्क करें:- मो.: 7470870092


**राजनांदगांव।** जनवरी माह के दूसरे सप्ताह में मौसम में लगातार तब्दीली का दौर जारी है। ठंड का असर कुछ कम होने लगा है। दोपहर का धूप अप चिलचिलाने की स्थिति में है। देर शाम से लेकर रात तक ठंड का खासा असर बना हुआ है। माना जा रहा है कि मकर संक्रांति पर्व के बाद तापमान में लगातार वृद्धि होगी। इधर मौसम के चलते लोग गर्म कपड़ों का उपयोग कर रहे हैं।


**सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के बेरोजगार और असंतुष्ट युवा साथियों के लिए सुनहरा अवसर : मनपसंद काम और इनकम का पैकेज उपलब्ध है।**

शीघ्र संपर्क करें सीमित दिनों के लिए

इंजीनियर पी एल सुलाखे

9425554092, 9644677750


## नियमों में बदलाव, अब परीक्षा के बाद में नहीं बदल सकेंगे नंबर

# प्रायोगिक परीक्षा होते ही अपलोड करने होंगे अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सीबीएसई स्कूलों में 10वीं-12वीं की प्रायोगिक परीक्षाएं एक जनवरी से प्रारंभ हो चुकी है। स्कूलों को 14 जनवरी तक प्रायोगिक कार्य पूर्ण करने होंगे। इसके बीच सीबीएसई ने प्रायोगिक परीक्षाओं को लेकर रिमाइंडर जारी किया है। इसमें स्कूलों को सभी असेसमेंट को आसानी से और समय पर पूरा करने के लिए बोर्ड की गाईड लाइन का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है। निर्देश में स्कूलों को कहा गया है कि अभिभावकों और बच्चों को प्रैक्टिकल, प्रोजेक्ट्स और इंटरनल असेसमेंट के शेड्यूल के बारे में पहले से बता दिया जाए, ताकि सख्ती से पालन हो सके। तय एग्जाम से पहले अच्छी प्रैक्टिकल आंसर बुक छात्रों को मिल जाए। निर्देश में आगे कहा गया है कि एक्सपेरिमेंट और प्रैक्टिकल काम को आसान बनाने में पहले से बता दिया जाए, ताकि सख्ती से पालन हो सके। तय एग्जाम से पहले अच्छी प्रैक्टिकल आंसर बुक छात्रों को मिल जाए। निर्देश में कहा गया है कि एक्सपेरिमेंट और प्रैक्टिकल काम को आसान बनाने लैब में जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर, सामान और इक्विपमेंट पूरी तरह से होने चाहिए। स्पेशल जरूरत वाले बच्चों के लिए इंतजाम किया जाना चाहिए, ताकि वे आराम से प्रैक्टिकल एग्जाम दे सके। स्टूडेंट्स स्कूल के तय शेड्यूल के हिसाब से असेसमेंट के लिए आएंगे। मार्क्स सिर्फ परफॉर्मेंस के आधार पर दिए जाए।

### तो रद्द हो जाएगी परीक्षा

इसके अलावा सीबीएसई ने प्रैक्टिकल एग्जाम, प्रोजेक्ट्स और इंटरनल असेसमेंट को लेकर जारी किए अपने रिमाइंडर में आगे कहा है कि असेसमेंट वाले दिन ही मार्क्स अपलोड करने होंगे। अंक अपलोड के बाद सुधार की अनुमति नहीं होगी। नेशनल या इंटरनेशनल लेवल के स्पोर्ट्स में हिस्सा लेने वाले स्टूडेंट्स को कोई छूट नहीं दी जाएगी और उनके लिए अलग से प्रैक्टिकल नहीं कराए जाएंगे। कक्षा-12वीं के लिए बार्ड द्वारा अपॉइंट किए गए एक्सटर्नल एग्जामिनर ही प्रैक्टिकल असेसमेंट कर सकते हैं। किसी दूसरे एग्जामिनर का इस्तेमाल करने पर असेसमेंट रद्द हो जाएगा। गौरतलब है कि सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा 17 फरवरी से शुरू हो रही हैं जो 10 अप्रैल को खत्म होंगी। प्रैक्टिकल सहित प्रोजेक्ट और इंटरनल असेसमेंट 1 जनवरी से 14 फरवरी के बीच कराए जाएंगे।

### सीजी बोर्ड की भी प्रायोगिक परीक्षाएं प्रारंभ

इधर सीजी बोर्ड की भी प्रायोगिक परीक्षाएं एक जनवरी से प्रारंभ हो गई है। माशिम द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार 20 जनवरी तक प्रायोगिक परीक्षाएं पूर्ण करनी होगी। माशिम की प्रायोगिक परीक्षाएं अब तक 10 जनवरी से शुरू होती रही है, लेकिन साल में दो बार होने वाली परीक्षाओं को देखते हुए इस बार प्रायोगिक परीक्षाएं शीघ्र आयोजित की जा रही है। मुख्य परीक्षाएं भी मार्च के स्थान पर फरवरी में आयोजित होगी।


**संजीवनी नर्सिंग होम**

**हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल**

उपलब्ध सुविधाएं...

- लकवा (स्ट्रोक)
- सर दर्द (माइग्रेन)
- हाथ पैर में झुनझुनाहट
- पार्किसन्स
- रात में नींद न आना
- मस्तिष्क ज्वर (ब्रेन फीवर)
- जोड़ों का दर्द (गठियावात)
- हाथ पैर में कंपन
- मिर्गी आना (एपिलेप्सी)
- गर्दन एवं कमर में दर्द
- सायटिका
- याददास्त कम होना
- डिप्रेशन
- डायबेटिक न्यूरोपैथी
- चक्कर आना
- ब्रेन एवं नसों से संबंधित समस्त समस्याएं

मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ



डॉ. सुशांत

MBBS, MD (General Medicine)
DNB Neurology Raipur

OPD:11 PM to 4.00 PM (प्रत्येक शनिवार)

आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल

पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)

24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### हिन्दू सम्मेलन 12 को

**पटेवा।** ग्राम के रामायण ग्राऊंड में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन समिति मंडल पटेवा, घुमका, भैंसातरा के तत्वावधान में आगामी 12 जनवरी को किया गया है। हिन्दू सम्मेलन में अभय बाजपेयी, सीएमएचओ डॉ.नेतराम नवरतन, विजय साहेब इरईकला इन्दुमती मिश्रा अपने विचार रखेंगी। आयोजक समिति के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### शैल ने योगासन में दिखाया दम

**अं. चौकी।** छत्तीसगढ़ प्रेम निरंजन योगासन खेल संघ एवं योग लंगर समिति भिलाई के तत्वावधान में छठवां राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन 3 एवं 4 जनवरी को बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नंबर दो सेक्टर 6 भिलाई में किया गया। प्रतियोगिता में जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए शैली तिवारी ने 28 से 55 आयु वर्ग में भाग लेकर कांस्य पदक हासिल किया। शैल तिवारी महिला एवं बाल विकास विभाग अंबागढ़ चौकी में पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत है। वह पतंजलि योग समिति से जुड़ी है। वह नियमित योग क्लास में शामिल होती है। इस उपलब्धि पर तहसील योग समिति के अध्यक्ष राम गोपाल शर्मा, जिला योग समिति के अध्यक्ष अशोक वर्मा, अशोक साहू, डॉ रंजन साहू, घनाराम साव, रामेंद्र तिवारी, डीके रामसर, संपतलाल छेदैया, बल्दूराम यादव, ममता देवांगन, पार्षद दिलीप कुंभकार, आशीष कसार, सोमदत्त साहू, भरतलाल निकोड़े, विजय पांडे ने बधाई दी है।



### साहित्यकारों ने सुनाया संस्मरण

**डोंगरगांव।** शिवनाथ साहित्य धारा ने वीरेंद्र तिवारी के संयोजन में नव वर्ष मिलन समारोह अंतर्गत रविवार को परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। परिचर्चा में बस्तर साहित्यिक भ्रमण के यात्रियों में से रोहित तारम ने विषय प्रवर्तन किया। वीरेंद्र तिवारी, अखिलेश्वर मिश्रा और महेंद्र बघेल ने सामाजिक, सांस्कृतिक, व्यवसायिक, भौगोलिक एवं पर्यावरणीय दृष्टिकोण पर व्यापक चर्चा करते हुए यात्रा संस्मरण सुनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ गजेंद्र हरिहारनो ने सभी रचनाकारों की कृतियों पर समीक्षात्मक चर्चा की बात कही। मुख्य अतिथि राजेंद्र ठाकुर और विशेष अतिथि डॉ छोटे लाल साहू ने भी बस्तर पर अपने अनुभव साझा किया। कार्यक्रम में गोवर्धन परतेती, अनिल कसेर, कन्हैयालाल मेश्राम, डॉ माधवी गणवीर, रोहिणी पटेल और अलख राम यादव ने काव्य पाठ किया। वीरेंद्र तिवारी और महेंद्र बघेल ने संयुक्त रूप से संचालन किया।



### लोगों ने मनायी शाकंभरी जयंती

**डोंगरगढ़।** कोसरिया मरार समाज डोंगरगढ़ राज नक माँ शाकम्बरी जयंती के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाला, जिसमे समाज के वरिष्ठ एवं अन्य शामिल हुए। शोभायात्रा समाजिक धर्मशाला से आरंभ होकर भंडारी चाल, जयस्तंभ चौक, गोलबाजार होते हुए वापस धर्मशाला पहुंची। कार्यक्रम में रोहित पटेल, कमलेश पटेल, राजकुमार पटेल, शिवम पटेल, राजा पटेल, गोलू पटेल, हरीश पटेल, सोमू पटेल, कीर्तन पटेल सहित अन्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### दुकानदारों को डस्टबिन रखने का निर्देश

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका परिषद अब बस स्टैंड की सफाई, पेयजल और शौचालय जैसी सुविधाओं को दुरुस्त कर रही है ताकि यात्रियों को परेशानी न हो। कई दुकानों में डस्टबिन नहीं रखने से गंदगी फैल रही है। लापरवाही बरतने वाले दुकानदारों को कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। बस स्टैंड की स्थिति सुधराने का बीड़ा पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने उठाया है। यहां सुरक्षा के लिए भविष्य में सीसीटीवी कैमरा लगाने की तैयारी है।

### क्रिकेट स्पर्धा में मुरई पुरैना टीम विजेता

**सड़क अतरिया।** नर्मदा में क्रिकेट क्लब एवं ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित क्रिकेट स्पर्धा का समापन रविवार को हुआ। स्पर्धा में दो दर्जन से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया। अंतिम मैच क्रिकेट क्लब सण्डी और मुरई पुरैना के मध्य खेला गया। रोचक मुकाबले में मुरई पुरैना ने जीत दर्ज किया। संड़ी की टीम उपविजेता रहा। तीसरा स्थान सीताडबरी की टीम रही। स्पर्धा में आकर्षक खेलने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश जंघेल, सरपंच वंदना लालचंद पटेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष बालकृष्ण जंघेल, सण्डी सरपंच कैलाश जंघेल की मौजूदगी में किया गया। इस मौके पर इनायत बेग, गोपाल गोस्वामी, जितेन्द्र, वारिश, लुकरण वर्मा, गोल्डी, थानसिंग, इमरान अन्य मौजूद थे।



### भागवत कथा का वाचन 19 से

**कल्याणपुर।** ग्राम गाजमर्रा में ग्रामवासियों के तत्वावधान में श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम आगामी 19 जनवरी से शुरू होकर 27 जनवरी तक चलेगा। कथावाचक मुकुंद महाराज कथा का रसपान कराएंगे। ग्राम पटेल धनेश्वर वर्मा ने आसपास के समस्त ग्रामवासियों से अधिक अधिक से संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## निधन



### तुलाराम साहू

**अर्जुनी।** निकटवर्ती ग्राम सोनेसरार निवासी ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष बलीराम साहू के छोटे भाई तुलाराम साहू का 4 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में विधायक दलेश्वर साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, पूर्व उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, संजय संचेती सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए। सभी ने श्री साहू के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

## तकनीकी खामियों के कारण धान नहीं बेच पा रहे किसान

# धान खरीदी पर घमासान कांग्रेस का आंदोलन 8 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

सत्ता परिवर्तन के बाद से शांत बैठी कांग्रेस ने अब धान खरीदी के मुद्दे पर सरकार और प्रशासन को घेरने के मूड में आ गई है। कांग्रेस ने विधायक दलेश्वर साहू के संयोजन में आगामी 8 जनवरी को किसान आंदोलन करने का ऐलान किया है।

उल्लेखनीय है कि बीते सप्ताह कांग्रेस विधायक दलेश्वर साहू ने धान खरीदी को लेकर सरकार और प्रशासन की मंशा पर सवाल उठाए थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि धान खरीदी शुरू होने के डेढ़ माह बाद भी किसानों की शिकायतों का समाधान नहीं किया जा रहा है जिससे बड़ी संख्या में किसान निर्धारित तिथि तक धान नहीं बेच पाएंगे। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि एक सप्ताह में शिकायतों का समाधान और सिस्टम में सुधार नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा। घोषणा के मुताबिक विधायक ने आगामी 8 जनवरी को आंदोलन को लेकर ज्ञापन सौंप दिया है।



### धान बेचने भटक रहे किसान

विधायक ने बताया कि किसानों ने जितनी जमीन का पंजीयन कराया है वह एग्रीटेक में शो नहीं हो रहा है। किसान रकबा में सुधार के लिए भटक रहे हैं किन्तु सुधार नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उपेक्षा पूर्ण बर्ताव के चलते 30 जनवरी तक किसान धान नहीं बेच पाएंगे। इसी प्रकार शासकीय पट्टेदार कृषि भूमि के धान खरीदी नहीं हो रही है क्योंकि शासकीय पट्टे की जमीन का एग्रीटेक पोर्टल में भू-स्वामी दर्ज नहीं है।

### किसानों को परेशान करने का आरोप

विधायक ने आरोप लगाया कि रकबा समर्पण के निर्देश को गलत परिभाषित कर किसानों को परेशान किया जा रहा है। इसी तरह भौतिक सत्यापन की आड़ में किसानों को बेइज्जत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फार्मर एग्रीस्टेक पंजीयन में फार्मर रजिस्टेशन आईडी नहीं बन रहा है जिससे पोर्टल में नाम नहीं जुड़ रहा है। कांग्रेस नेता गुलाब वर्मा, ब्लाक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गणेश साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, पूर्व उपाध्यक्ष सुयश नाहटा ने अंचल के किसानों से आंदोलन में शामिल होने का आव्हान किया है।

## कीर्तन के साथ निकली शोभायात्रा



**डोंगरगढ़।** स्थानीय सिख समुदाय ने गुरूगोविंद सिंग के प्रकाश पर्व के मौके पर नगर कीर्तन करते हुए शोभा यात्रा निकाला। पंच प्यारों की अगुवाई में निकली शोभायात्रा में गत्ता पार्टी द्वारा किया गया शौर्य प्रदर्शन आकर्षण का केन्द्र रहा। पंच प्यारे के रूप में बलदीप सिंग, सिरत सिंग, जसमति सिंग, अमृत सिंग, अमरप्रीत सिंग मौजूद थे। दविंदर सिंग वार्डला, अमृतसर के दविंदर सिंग वार्डला का रागी जत्था एवं दविंदर सिंग पिंटू ने शमा बांधे रखा। शोभायात्रा सिंग सभा गुरूद्वारा से निकल कर रेल्वे चौक, खंडुपारा, जय स्तंभ चौक, गोलबजार, जैन मंदिर होते हुए वापस गुरूद्वारा पहुंची। शोभा यात्रा का चौक चौराहों में स्वागत किया गया। उपहार ट्रेडर्स के समक्ष राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पंच प्यारे की अगुवानी कर गुरू ग्रंथ साहेब को नमन किया। इस दौरान पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, सांसद प्रतिनिधि तरुण हत्थेल, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, चंद्रप्रकाश मिश्रा, महेंद्र अग्रवाल, शरद अग्रवाल, मधुसूदन अग्रवाल, कैलाश तिवारी, विनय बंसल, रामकिशन कनौजिया, विजेंद्र ठाकुर, अनिल पांडे, प्रदीप बाग, अमित जैन, डी एकेस राव, मोहम्मद गौस, सरफु खान, सत्यप्रकाश मिश्रा, शुभम परिहार, सुनील जैन चीकू, कैलाश सोनवानी, वीरेंद्र सोनी, अचला सिंह, सविता दरगढ़, संजय अग्रवाल, विरेन साहू, कैलाश सोनवानी, अनिल पांडे, अखिलेश गढ़वाल, कन्हैया वर्मा, गीता मानिकपुरी, द्वारका प्रसाद शर्मा, विनीत यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## घर-घर जाकर दिया सम्मेलन का न्योता..



**डोंगरगांव।** शहर में आगामी 9 जनवरी को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन का घर घर जाकर प्रचार किया जा रहा है। नगर के वार्ड पांच में सोमवार को संयोजक हिना जैन के साथ पूर्व पार्षद अपर्णा तिवारी, वैभव महेश्वरी, देवीसिंग राजपूत आदि ने घर घर जाकर नागरिकों को सम्मेलन में शामिल होने आमंत्रित किया साथ ही अन्न और सहयोग राशि एकत्रित किया।

## ग्रामीणों के सहयोग से गौधाम गौशाला की स्थापना

### गौशाला में दो सौ मवेशियों की होगी देखभाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

चकनार में ग्रामीणों के प्रयास और सहयोग से गौधाम गौशाला का संचालन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ सोमवार को जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में पूजा अर्चना एवं अनुष्ठान के साथ शुरू किया गया।

गौशाला स्थापना के लिए गांव के कुछ लोगों ने अपनी बेहतर सोच के साथ मां नर्मदा गौधाम गौशाला समिति का गठन किया गया फिर इस विचार को लेकर अन्य लोगों के साथ बैठक किया गया जिसमें लोग जुड़ते गए। ग्राम पंचायत चकनार में ग्रामीणों ने गौधाम सेवा समिति के नाम से गौशाला का संचालन शुरू किया है जिसकी दो माह पहले से तैयारी की जा रही थी। चकनार दौजरी के मध्य स्थित मैदान में इस गौशाला का संचालन किया जा रहा है जिसमें लगभग डेढ़ से दो सौ मवेशियो को रखने एवं देखभाल करने की व्यवस्था किया गया है।



### आवारा पशुओं को संरक्षण

गौशाला खोलने के पीछे समिति का उद्देश्य गौसेवा, आवारा मवेशियों का संरक्षण एवं व्यवस्थापन करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में आवारा मवेशियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पशु पालकों का पशु से मोह कम हो रहा है। सड़कों पर रोज मवेशी दुर्घटना की शिकार होकर जान गंवा रहे हैं या फिर मवेशी तस्करी का शिकार हो रहे हैं।

### जनसहयोग से सुविधाएं

ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से गौशाला में घेरा, चारा, पानी तथा टीन शेड आदि की व्यवस्था किया गया है। मवेशियों की देखरेख एवं चराने के लिए मासिक मानदेय पर गौसेवक की नियुक्ति किया गया है। शुभारंभ के मौके पर पूर्जा अर्चना के बाद हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों को खीर पुड़ी एवं खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया गया।

### सरकारी सहायता नहीं

गौधाम गौशाला खोलने के लिए समिति को अनुदान नहीं है । ग्रामीण ने आपस में राशि एकत्रित कर गौशाला संचालन का बीड़ा उठाया है। आपसी सहयोग से गौशाला में अब तक करीब सात लाख खर्च किया जा चुका है। आने वाले समय में सहयोग राशि से मवेशियों के लिए अन्य व्यवस्था की जाएगी। ग्रामीणों के सहयोग से बड़ी मात्रा में पैरा भी प्राप्त हुआ है।

## जोन स्तरीय खेल में जोशीलमती संकुल चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांधाबाजार

गैंदाटोला जोन स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन गत दिनों ग्राम घोटिया में किया गया। प्रतियोगिता में गैंदाटोला जोन के अधीन आने वाले गैंदाटोला, जोशीलमती, कुहीखुर्द, रामतराई, छुरियाडोंगरी, कल्लुबंजारी संकुल के 1000 बच्चों, 200 शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में जोशीलमतती संकुल के बच्चों ने सभी खेलो मे अपना दबदबा बनाए रखा।

विभिन्न खेलों में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों में क्रमशः प्राथमिक वर्ग बालक की 80 मीटर दौड़ में कमलेश्वर, तेजकुमार, लंबी कूद में साहिल, कमलेश्वर, सुरीली कुर्सी में हंसराज, सुजल, आलू दौड़ में कुंदन, कमलेश्वर, बोरा दौड़ा में यशकुमार, कशिश, रिलेरेस में साहिल, मिलाप आदि, कबड्डी मिलाप, सूजल आदि, खो-खो में यश कुमार आदि कुहीखुर्द, साहिल आदि जोशीलमती रहे। बालिका वर्ग की 80 मीटर दौड़ में मानवी, अंजना, लम्बीकूद मानवी, वाणी, सुरीली कुर्सी में टुकेश्वरी, हिमानी, रस्सी छलांग में अर्चना, योगेश्वरी, गोली चम्मच में दामेश्वरी, पायल, रिलेरेस में मानवी आदि जोशीलमती, साधना आदि छुरिया डोंगरी, कबड्डी में लालिमा आदि जोशीलमती, अंजना आदि गैंदाटोला, खो-खो में नीतिका आदि कुहीखुर्द, अंजना आदि गैंदाटोला विजेता रही।



### शिक्षकों को दिया सहयोग

प्रतियोगिता के आयोजन में टोमन साहू, सुरेंद्र घावडे, टोमेश टेकाम, मोहित यादव, मूलचंद मंडावी, राकेश कुलेशिया, कीरत गणवीर, राजीव टेमरे, आंनद चन्द्रवंशी, शैलेन्द्र, राकेश खोब्रागढे, रितेश चक्रधारी, टोमन चन्द्रवंशी, परमेश्वर चन्द्रवंशी, चमन चुनेन्द्र, राजकुमार साहू, भूपेंद्र देहारी, गजेन्द्र कहिरबा, शिवकुमार साहू, रामकृष्ण चन्द्रवंशी, प्रवीण रावटे, भारत कोटेलकर, शंकर कंवर, अविनाश मानिकपुरी, अमरदास बंजारे, दिग्विजय नेताम, रामलाल सहारे, जोगेश्वर लाऊत्रे, गोवर्धन देवांगन, भूपेंद्र मंडावी, भोपेन्द्र मंडलोई ने सहयोग दिया।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बैठक संपन्न

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में टाईप-1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चों एवं उनके परिवारों के लिए पहली बार रोगी सहायता समूह की राज्य स्तरीय बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि टाईप-1 डायबिटीज एक चुनौती है। जिसका सामना आप कर सकते हैं और बिना किसी तनाव के अपने परिवार एवं समाज के सहयोग से मजबूती के साथ अपना जीवन जी सकते है। बीमारियों पर हमेशा अनुसंधान होते रहे हैं और बहुत सी धारणाएं एवं भ्रांतियां टूटते जा रही है। विज्ञान के साथ ही नवीन अविष्कार हुए है। जिससे इन बीमारियों के उपचार के साथ मरीज एक सामान्य जीवन जी सकते है। उन्होंने कहा कि टाइप-1 डायबिटीज (बाल मधुमेह) से पीड़ित बच्चे सावधानी का ध्यान रखें तथा अपने पढ़ाई पर ध्यान दें। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि टाइप-1 डायबिटीज (बाल मधुमेह) से पीड़ित बच्चे एक सामान्य जीवन जी सकते हैं। उनकी यह बीमारी सही उपचार एवं प्रबंधन से ठीक हो सकती है। उन्होंने बच्चों की अच्छी देखभाल करने तथा काउंसलिंग करने कहा। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों एवं मरीजों द्वारा अपने अनुभव, प्रेरणादायक संवाद और विशेषज्ञों द्वारा दिए गए सरल व व्यवहारिक समाधान ने बच्चों और परिवारों को बड़ी राहत प्रदान की।

## सेन समाज का शपथ ग्रहण एवं परिचय सम्मेलन आयोजित

# खुशहाली के लिए रहे दुर्व्यसनों से दूर : मोना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

जिला सेन समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ समारोह गत दिनों संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि छग फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन थी। उन्होंने कहा कि सामाजिकजनों को एकजुट रहने और कुरीतियों एवं दुर्व्यसनों से दूर रहने का आव्हान किया ताकि समाज में खुशहाली आ सके।

जिला सेन समाज का चुनाव लोकतांत्रिक पद्धति से संपन्न हुआ था।निर्वाचन के बाद जिला, ब्लाक व सर्किल इकाई के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। समारोह की अध्यक्षता पुनीत सेन ने की। विशेष अतिथि छग केश शिल्पी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नंदकुमार सेन, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, जनपद उपाध्यक्ष देवानंद कौशिक, जिला भाजपा उपाध्यक्ष ढालसिंह कौशिक, जिला भाजपा प्रवक्ता राजेश सिंगी, जिला सेन समाज राजनादगांव के अध्यक्ष शेषनारायाण शांडिल्य, बालोद अध्यक्ष संतोष कौशिक थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सेन महाराज की पूजा अर्चना से हुआ। समारोह में जिला सेन समाज के पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष पुनीत राम सेन ने शपथ दिलाई। नए पदाधिकारियों के परिचय बाद नियुक्ति पत्र दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष श्री सेन ने समाज की मजबूती के लिए सक्रिय होकर कार्य करने का आहवान किया। केश शिल्पी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नंदकुमार सेन ने बोर्ड से मिलने वाली सुविधाओ का उपयोग समाज के विकास के लिए करने का आहवान किया।



### राजहंस अध्यक्ष चुने गए

जिला सेन समाज के अध्यक्ष पद पर राजहंस भारद्वाज चुने गए है। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष सुखदेव नागेश्वर, स्वर्ण कौशिक, सचिव रोहित शांडिल्य, कोषाध्यक्ष खेमलाल कौशिक, अंकेक्षक कृष्णा कौशल, संयोजक संतोष श्रीवास, संरक्षक कृष्णा कुमार शांडिल्य, नंदलाल सेन, नारदसिंह श्रीवास, सेन सखा दीपक भारद्वाज, कर्मचारी प्रकोष्ठ जितेश ठाकुर, युवा प्रकोष्ठ मनीष सेन, महिला प्रकोष्ठ निधि ठाकुर, सेलून प्रकोष्ठ प्रकाश श्रीवास हैं।

### सेन समाज की भूमिका अहम

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा कि सेन समाज सेवाभावी होता है। सेन समाज के बिना व्यक्ति के हर संस्कार अधूरे है इसलिए सेन समाज की मजबूती के लिए कार्य करना सभी समाजो का दायित्व है। सभा का संचालन डामेश भारद्वाज एवं आभार ज्ञापन सुखदेव नागेश्वर ने किया। इस मौके पर राजहंस भारद्वाज, राजू सेन, मथुरा भारद्वाज, जितेन्द्र भारद्वाज, राजेन्द्र कौशल, मेघनाथ, शिव सेन, खेमलाल, भाउ कौशिक, गाजेश कौशिक, पवन कौशिक, मयाराम ठाकुर, मदन ठाकुर, गोपाल कौशिक, ओंकार सेन, पुनीत सेन, हेतराम भारद्वाज, मुकेश सेन, गणेश सेन, गिरधर सेन, सुशील शांडिल्य सहित अन्य उपस्थित थे।

## सर्वसम्मति से बालकृष्ण सिन्हा मुख्य ट्रस्टी निर्वाचित



**डोंगरगांव।** स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ की संचालन समिति का पुनर्गठन रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार के उपजोन समन्वयक नंदकिशोर सुरजन, जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा तथा सीके देवांगन की उपस्थिति में किया गया। एक बार निवृतमान मुख्य प्रबंध ट्रस्टी बालकृष्ण सिन्हा को इस दायित्व के लिए चुना गया। स्थानीय गायत्री मंदिर में परिजनों तथा ट्रस्टियों की बैठक रखी गई जिसका शुभारंभ मां गायत्री की पूजन से हुआ। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी बालकृष्ण सिन्हा ने पिछले वर्षों के आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। ट्रस्ट मंडल के गठन के क्रम में उपस्थित परिजनों से नवीन ट्रस्टियों हेतु नाम आमंत्रित किये गए। एक बार बालकृष्ण सिन्हा को मुख्य प्रबंध ट्रस्टी, मिताली कटकवार को सहायक प्रबंध ट्रस्टी, जयप्रकाश सिन्हा, गिरधर साहू, डॉ. अतुल गुप्ता, हेमा राठौर तथा सीता गुप्ता को ट्रस्टी चुना गया। इसके अलावा मंदिर के संचालन तथा गायत्री मिशन के सप्त आंदोलनों के विस्तार के लिए 13 सदस्यों की कार्यकारिणी व चार प्रमुख समितियों का गठन किया गया।

**खबर संक्षेप**

## तीन दिवसीय खेल उत्सव का शुभारंभ



**राजनांदगांव।** अंबागढ़ चौकी स्थित एनएसएम पब्लिक स्कूल में आज खेल उत्सव का शुभारंभ किया गया। तीन दिवसीय आयोजन के प्रथम दिन बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साह के साथ हिस्सा लिया। हरियाली से आच्छादित शाला प्रांगण में बच्चों की उछलकूद ने माहौल को नयनाभिराम बना दिया। एनएसएम पब्लिक स्कूल अंबागढ़ चौकी के प्राचार्य डॉ. सूर्यकांत मिश्रा के दिशा-निर्देश पर शिक्षक-शिक्षिका झावेद निषाद, गार्गी शंकर मिश्रा, आंचल योगी, माहेश्वरी बाघमारे, आशनी दामले, रचना साहू व तनुषा वंजारी ने विशेष रूप से जावेद अहमद तथा लक्ष्मी झा के साथ खेल गतिविधियों की रूपरेखा तैयार कर बच्चों के बीच प्रतियोगिता कराई। सबसे पहले नर्सरी के बच्चों के लिए चॉकलेट खाओ और भागो रेस कराई गई। इसके बाद इन्हीं बच्चों के लिए बाल कलेक्शन प्रतियोगिता कराई गई। क्लास वन तथा टू के बच्चों के लिए बहुत ही आकर्षक जलेबी रेस प्रतियोगिता कराई गई। कल मंगलवार को और भी रोमांचक खेलों के साथ बच्चों को मैदान में उतारा जाएगा। मैदान तैयार करने में शत्रुघ्न कुंजाम ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## आज जैन लीजेंड्स चैम्पियनशिप

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव में जैन समाज एवं संकल्प फाउंडेशन के तत्वावधान में 35 साल से ज्यादा उम्र के लोगों के लिए जैन बगीचे में जैन लीजेंड्स चैंपियनशिप क्रिकेट मैच का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस स्पर्धा का आगाज कल 6 जनवरी को होने जा रहा है। इसके तहत प्रतिदिन छह मैच खेले जाएंगे। संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष राजकुमार बैद ने बताया कि छह दिवसीय इस आयोजन की तैयारी पूरी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि आयोजन का यह चौथा वर्ष है और इस स्पर्धा में 35 वर्ष से ज्यादा उम्र के खिलाड़ी भी अपना हुनर मैदान में दिखा सकेंगे। संकल्प फाउंडेशन द्वारा इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए पिछले तीन सालों से यह स्पर्धा करवा रहा है और यह इस आयोजन का चौथा वर्ष है। राजकुमार बैद ने बताया कि जैन लीजेंड्स चैंपियनशिप का शुभारंभ 6 जनवरी को शाम 6.30 बजे छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री तथा विधायक राजेश मुणोत के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष कांतिलाल बोथरा करेंगे। विशिष्ट अतिथि सकल जैन संघ के अध्यक्ष मनोज बैद, जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ के मैनेजिंग ट्रस्टी अजय सिंघी, ट्रस्टी भावेश बैद, ट्रस्टी जीवनचंद बैद, ट्रस्टी ललित भंसाली, ट्रस्टी रोशन गोलछा एवं समाज से भी हरीश सांखला उपस्थित रहेंगे।

## म्यूजिकल फाउंटेन की बिखरी मोहक छटा

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के गौरव पथ स्थित ऊर्जा पार्क में शाम 6.30 बजे से शाम 7.30 बजे तक नागरिकों के लिए म्यूजिकल फाउंटेन प्रारंभ हो गया है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की पहल पर ऊर्जा पार्क में पुनः म्यूजिकल फाउंटेन प्रारंभ किया गया है। रंग-बिरंगे म्यूजिकल फाउंटेन की मोहक रोशनी एवं दृश्य को देखने बच्चे, युवा एवं बुजुर्ग ऊर्जा पार्क पहुंच रहे हैं।

**निधन**

## कांतिबाई राजपूत



**राजनांदगांव।** अधिवक्ता राकेश सिंह राजपूत की नानी कांतिबाई राजपूत का 2 जनवरी को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई।

### 279 बकायेदारों से वसूल की गई 48 लाख 39 हजार की बकाया राशि

# बिल अदायगी नहीं, 375 उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन किया विच्छेद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा राजनांदगांव शहर में बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं से बकाया राजस्व वसूली के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें मॉस डिस्कनेक्शन के लिए गठित अधिकारी-कर्मचारियों की टीमों द्वारा शहर के 279 बकायेदार उपभोक्ताओं से 48 लाख 39 हजार रुपए की राशि की वसूली की गई तथा समझाइश के बाद भी बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले 373 बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन काटी दी गई है।

विदित हो कि बिजली कंपनी द्वारा बिजली बिल देयकों के भुगतान में विलंब होने पर उपभोक्ताओं का लगातार ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है। जिससे वे बिजली बिल समय पर जमा कर दें। मैदानी अधिकारी एवं उनकी टीम बकायेदार उपभोक्ताओं के पास स्वयं पहुंचकर बिजली बिल पटाने अनुरोध भी कर रहे हैं।



## चलाया जा रहा अभियान

### दी जा रही जानकारी

राजस्व वसूली के लिए तैनात अधिकारियों द्वारा केंद्र शासन द्वारा संचालित पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत 300 यूनिट तक फ्री बिजली एवं शासन द्वारा प्रदत्त सब्सिडी बारें में जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने बकायेदार उपभोक्ताओं से अपील करते कहा कि विद्युत देयकों का भुगतान नियमित रूप से करें, ताकि विच्छेदन की कार्रवाई से होने वाली असुविधा से बचा जा सके। बिजली बिल का नियमित भुगतान नहीं करने पर उपभोक्ताओं को राज्य सरकार की बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ भी नहीं मिल पाएगा, क्योंकि बिजली का नियमित भुगतान नहीं होने से वे स्वतः अपात्र हो जाएंगे। राजनांदगांव जिले के समस्त शासकीय विभाग के प्रमुखों को पत्र प्रेषित कर अतिशीघ्र बिजली बिल भुगतान करने हेतु निवेदन किया गया है।

### समय पर करें बिल भुगतान

राजनांदगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता कौशलेन्द्र पांडे ने बताया कि घरेलू एवं गैर घरेलू कनेक्शनों के बकायेदारों के साथ ही औद्योगिक श्रेणी के बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदन एवं बकाया राशि वसूली की कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान के तहत राजनांदगांव शहर में 373 उपभोक्ताओं के कनेक्शन जिन पर 57 लाख 72 रुपए की राशि बकाया था, ऐसे बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन बकाया भुगतान नहीं किए जाने पर काट दिए गए हैं। इस अभियान के साथ ही उपभोक्ताओं को लाइन विच्छेदन से बचने के लिए समय पर विद्युत बिल राशि का भुगतान मोर बिजली ऐप के माध्यम से करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही उन्हें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदत्त 400 यूनिट तक हॉफ बिजली बिल योजना के संबंध में भी जानकारी दी जा रही है।

# जेवरतला में 10 को सातवां मितान लोक महोत्सव

### कलाकार देंगे रंगारंग प्रस्तुति

- दुकालू, विवेक, तिलक, कंचन, पूजा और पारखी की होगी रंगारंग प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मितान छत्तीसगढ़ी लोक कलाकर कल्याण संघ के तत्वावधान में 10 जनवरी को शाम 5 बजे से बालोद जिले के ग्राम जेवरतला रोड में सातवां मितान लोक महोत्सव का आयोजन किया गया है।

मितान छत्तीसगढ़ी लोक कलाकर कल्याण संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष राजेश मारू ने बताया कि सातवां मितान लोक महोत्सव में छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय कलाकार अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से छत्तीसगढ़ी लोककला और संस्कृति को मंच पर साकार करेंगे। इस बार मितान महोत्सव में प्रसिद्ध लोकप्रिय जस गायक दुकालू यादव, ख्याति प्राप्त लोक गायक पंडित विवेक शर्मा, सुप्रसिद्ध लोक गायिका कंचन जोशी, पंडवानी गायिका पूजा देशमुख, पारखी महोबिया और लोक सांस्कृतिक मंच लोक धारा संचालक तिलक राजा साहू रंगारंग लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। संगीत संयोजन तिलक राजा साहू का होगा। भाव पक्ष में मंच धरोहर और स्वरधारा के कलाकार नृत्य प्रस्तुत करेंगे।

### पूर्व सीएम होंगे मुख्य अतिथि

कार्यक्रम के संयोजक राजेश साहू ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व अध्यक्षता गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद करेंगे। विशेष अतिथि जनपद सदस्य ऋतु साहू और सरपंच चंद्रहास चापीरा होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने मितान छत्तीसगढ़ी लोक कलाकर कल्याण संघ के वरिष्ठ सदस्य हर्ष कुमार बिंदु, उपाध्यक्ष महादेव हिरवानी, सचिव वीरेन्द्र बहादुर सिंह, सह-सचिव विष्णु कश्यप, कोषाध्यक्ष महेश्वर दास साहू, दीपक महोबिया, नरेंद्र साहू, राजेश साहू, संतोषी नेताम, राजू मंडले, युगल किशोर साहू, जितेंद्र साहू, राजेश साहू, दीपेश साव, कुमार देशमुख और राकेश सेन और ग्राम विकास समिति जेवरतला और महिला मंडल जेवरतला के सदस्य और ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

# डॉ. यादव को मानस नवरत्न अलंकरण

- साहित्य एवं संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

साहित्य एवं संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले गंडई के प्रतिष्ठित लोक साहित्यकार एवं सेवानिवृत्त शिक्षक डॉ. पीसी लाल यादव को गजानंद देवांगन स्मृति मानस नवरत्न अलंकरण से नवाजा गया है। यह सम्मान उन्हें श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ ने मरारटोला में आयोजित मानस नवरत्न विभूति अलंकरण महोत्सव में प्रदान किया। डॉ. यादव को यह सम्मान उनकी चर्चित कृति छत्तीसगढ़ का लोक जीवन और राम कथा के लिए दिया गया है। अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मोहन मंडावी थे। अध्यक्षता प्रतिष्ठान के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख ने की। इस अवसर पर लोक गायक सीताराम साहू ने डॉ. यादव के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए सम्मान पत्र का वाचन किया। अतिथियों ने उन्हें अंगवस्त्र, श्रीफल, सम्मान पत्र और नकद राशि भेंट किया। आयोजन में संत राम बालक दास एवं संत वीरेंद्र महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में यज्ञदत्त शर्मा, तोमन साहू, राजेंद्र राव, राजेंद्र सिंह ठाकुर एवं नागेंद्र दुबे उपस्थित थे। संचालन मानस व्याख्याकार त्रेता चंद्राकर ने किया। इस उपलब्धि पर गोपाल वर्मा, गौरीशंकर यादव, सीताराम साहू, जितेंद्र पटेल और गजेंद्र हरिहारनो सहित अन्य ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।



# प्रीमियर लीग सीजन-2 का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नीलू शर्मा फैंस क्लब के तत्वावधान में आयोजित राजनांदगांव प्रीमियर लीग (आरपीएल) सीजन–2 का सफल आयोजन खेल प्रेमियों के उत्साह और रोमांच के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में स्थानीय टीमों के बीच जबर्दस्त मुकाबले देखने को मिले। जिसमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के दौरान कुल 5 मुकाबले खेले गए। पहला मैच ब्राह्मिन योद्धा-11 एवं रुद्राक्ष-11 के बीच खेला गया। जिसमें रुद्राक्ष-11 ने जीत दर्ज की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच अनिकेत रहे। दूसरा मैच यूथ स्टार-11 एवं न्यू स्टार सिंघोला-11 के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें न्यू स्टार सिंघोला-11 ने शानदार जीत हासिल की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच शुभम बनाफर रहे। तीसरा मैच कृष्णा-11 एवं आरवी-11 के बीच खेले गए। मुकाबले में आरवी-11 विजयी रही। इस मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गजानंद को मैन ऑफ द मैच चुना गया। चौथा मैच ब्राह्मिन योद्धा-11 एवं सीजी ब्रदर्स-11 के बीच खेले गए। मैच में ब्राह्मिन योद्धा-11 ने जीत दर्ज की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच उमेश रहे। पांचवा मैच यूथ स्टार-11 एवं शिवेन्द्र-11 के बीच हुए। मुकाबले में शिवेन्द्र-11 ने विजय प्राप्त की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच योगेश साहू रहे।

इस आयोजन की अध्यक्षता पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कलेक्टर जितेंद्र यादव, एसपी अंकिता शर्मा, एसडीएम एसएल मारकन्डे समेत नरेंद्र हंसा और दीपक चौहान उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क को बढ़ावा देते हैं।



# नांदगांव में हिन्दू जागरण मंच ने श्रद्धा-उत्साह से मनाई जयंती

**राजनांदगांव।** हिंदू जागरण मंच राजनांदगांव द्वारा सिखों के दसवें गुरु श्री गुरू गोविंद सिंह की जयंती श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गुरुद्वारा जाकर विविध धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। तत्पश्चात बालाजी मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम की शुरूआत गुरु गोविंद सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। वक्ताओं ने गुरू गोविंद सिंह के जीवन, त्याग, बलिदान और उनके द्वारा स्थापित खालसा पंथ के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरू गोविंद सिंह ने समाज को साहस, समानता, धर्म रक्षा और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का मार्ग दिखाया। हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि गुरू गोविंद सिंह का जीवन आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने समाज में एकता, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मंच के कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे। अंत में सभी के लिए प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता सुशील लड्ढा, प्रवीण शर्मा, दिनेश झूलन, सविता बोस, रोहित तिवारी, जुगल गुप्ता, हेमलाल ढीमर, नीलू साहू, मनोज गोलछा, मौसमी शर्मा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वशासी परीक्षा परिणाम घोषित

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के स्वशासी स्नातकोत्तर तृतीय एवं प्रथम सेमेस्टर की कुछ कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। जिसके अनुसार एमएससी तृतीय सेमेस्टर कम्प्यूटर साइंस का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत, समाजशास्त्र तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम 83 प्रतिशत, पीजी डिप्लोमा योग का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत, एमए समाजशास्त्र प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम से 70 प्रतिशत, एमएसडब्ल्यू प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम 86 प्रतिशत, एमए हिंदी प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम 87 प्रतिशत, राजनीति शास्त्र प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत एवं एमएससी प्रथम सेमेस्टर वनस्पति शास्त्र का परीक्षा परिणाम 79 प्रतिशत रहा।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय के स्नातकोत्तर सेमेस्टर परीक्षा का समापन 10 दिसंबर को हुआ था। इसके पश्चात 29 दिसंबर से परीक्षा परिणाम घोषित किए जा रहे हैं तथा शेष कक्षाओं के परीक्षा परिणाम भी जल्द जारी कर दिया जाएगा।

# घर के सामने खड़ी बाइक पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

क्षेत्र में वाहनों की चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला गंडई थाना क्षेत्र के ग्राम चकनार के वार्ड क्रमांक 16 का है, जहां एक घर के सामने खड़ी मोटर साइकिल को अज्ञात चोर ने पार कर दिया है। पीड़ित की शिकायत पर गंडई पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हेमप्रकाश वैष्णव (48 वर्ष) पिता भरत दास वैष्णव ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके पास एचएफ डिलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 08 ए एस 9094 है। गत 26 दिसंबर की रात उन्होंने अपनी बाइक को घर के सामने लॉक कर सोने चले गए थे। अगली सुबह करीब 7 बजे जब प्रार्थी सोकर उठा, तो देखा कि बाइक मौके से गायब थी। पीड़ित ने मोहल्ले और आसपास खोजबीन की, लेकिन वाहन का कहीं पता नहीं चला। चोरी गई बाइक ग्रे-ब्लैक रंग की है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 50 हजार है। काफी तलाश के बाद भी जब बाइक नहीं मिली, तब पीड़ति ने 4 जनवरी को गंडई थाने पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि चोर का सुराग लगाया जा सके।

### जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया वितरण

# स्टेट बैंक ने किया साइकिल वितरण नववर्ष पर छात्राओं को मिली खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा नववर्ष के अवसर पर सीएसआर मद से छात्राओं को साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर के दिग्विजय स्टेडियम परिसर स्थित एसबीआई की मुख्य शाखा से प्रतिभावान छात्राओं को साइकिल वितरण करने समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ स्टेट बैंक के अधिकारियों द्वारा छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया।

भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम के अवसर पर शंकरपुर शासकीय मिडिल स्कूल की 20 प्रतिभावान छात्रों को साइकिल वितरण किया गया। नववर्ष के अवसर पर नई साइकिल मिलने की खुशी छात्राओं के चेहरे पर दिखाई दे रही थी। साइकिल मिलने को लेकर यहां पहुंची श्रुति बंसोड़ और राशि देवांगन सहित अन्य छात्राओं ने कहा कि साइकिल मिलने की काफी खुशी हो रही है। इस साइकिल से अब वह अपने स्कूल जाएंगे। जिससे आने-जाने में समय की बचत होगी और स्कूल भी जल्दी पहुंचेंगे।



### प्रोत्साहित करने साइकिल वितरण

साइकिल वितरण के आयोजन को लेकर स्टेट बैंक भिलाई के रीजनल मैनेजर रूपक मंडल ने बताया कि नववर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में स्टेट बैंक द्वारा प्रतिभावान छात्रों को साइकिल वितरण किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में राजनांदगांव में भी 20 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य है कि छात्राएं आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़े।

### शाला प्रबंधन ने जताया आभार

शंकरपुर मिडिल स्कूल में पदस्थ शिक्षिका विनीता शुक्ला ने साइकिल वितरण को लेकर स्टेट बैंक के प्रति आभार जताते कहा कि साइकिल मिलने से छात्राओं में आत्मनिर्भरता भी आएगी। वहीं साइकिल से उन्हें स्कूल आने-जाने में काफी सहुलियत होगी। उन्होंने कहा कि इस तरह से प्रतिभावान छात्राओं को प्रोत्साहित करने से उनकी प्रतिभा और निखरती है।

साइकिल वितरण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद प्रियंका कुरंजेकर, अतुल रायजादा, वरुण शुक्ला, रणविजय प्रताप सिंह सहित स्टेट बैंक के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एबीवीपी नांदगांव ने छत्रपति शिवाजी पार्क में चलाया स्वच्छता अभियान

### सार्वजनिक संपत्ति के संरक्षण के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) राजनांदगांव द्वारा शहर के प्रमुख एवं ऐतिहासिक सार्वजनिक स्थल छत्रपति शिवाजी पार्क में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के समीप एक व्यापक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

इस अभियान का उद्देश्य केवल पार्क परिसर की साफ-सफाई तक सीमित न रहकर आम नागरिकों, विशेषकर युवाओं को स्वच्छता, नागरिक दायित्व एवं सार्वजनिक संपत्ति के संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा।

अभियान के दौरान पार्क में फैली गंदगी, प्लास्टिक कचरा एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाकर स्वच्छ, सुंदर एवं सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया गया।

इस अवसर पर एबीवीपी के नगर मंत्री अक्षत कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज राष्ट्रभक्ति, साहस और अनुशासन के प्रतीक हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे समाजहित के कार्यों में आगे आकर नेतृत्व की भूमिका निभाएं और सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनें।




### श्रमदान कर अभियान को बनाया सफल

कुलदीप पाल ने कहा कि स्वच्छता अभियान किसी एक दिन या अवसर तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे निरंतर चलने वाला जनआंदोलन बनाना आवश्यक है। चैतन्या द्विवेदी ने कहा कि सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व विद्यार्थी परिषद की कार्य संस्कृति का मूल आधार है। स्वच्छता अभियान के दौरान एबीवीपी के स्थाई कार्यकर्ता रवि सिन्हा भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने श्रमदान कर अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर चांदना श्रीवास्तव, जीत प्रजापति, जीत शर्मा, वेणुका, यश श्रीवास्तव सहित राकेश, आकाश, रोहित एवं रोशन आदि उपस्थित थे। सभी ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर अभियान को प्रभावी रूप प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में एबीवीपी राजनांदगांव द्वारा शहरवासियों से अपील की गई कि वे सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी न फैलाएं, प्लास्टिक के उपयोग को कम करें तथा स्वच्छता से जुड़े अभियानों में सक्रिय सहभागिता निभाकर स्वच्छ, स्वस्थ एवं संस्कारित समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

## सार समाचार

### सुबह से बच्चे सहित युवा, युवती निकले छेरछेरा मांगने



**मोहला।** छत्तीसगढ़ की पारम्परिक त्यौहार छेरछेरा पौष माह की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला पर्व केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन दान की परंपरा का उत्सव भी है। इस दिन अन्नदान को एक बड़ा पुण्य माना गया है। मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिला मुख्यालय, प्रमुख नगर सहित ग्रामीण अंचलों में सुबह से बच्चे टोलियों में निकले है और घर-घर जाकर छेरछेरा के गीत गाए। इस अनुसूचित जनजाति क्षेत्र में शनिवार सुबह से बच्चे, युवा, युवती टोली बनाकर एवं बाजे गाजे डंडा नाच के साथ छेरछेरा मांगने निकले। शनिवार सुबह लगभग 6 बजे से यह छेरछेरा पर्व बड़े ही उत्साह के साथ इस वनांचल क्षेत्र में मनाया गया। बड़ी संख्या में बच्चे युवा युवती अलग अलग टोली बनाकर छेरछेरा मांगने निकले है।

### पंडरिया में 27 से गूंजेगी रामकथा

**गंडई पंडरिया।** धर्म और आस्था की नगरी पंडरिया में इस वर्ष भी भक्ति की बयार बहने वाली है। नव युवा मंडल पंडरिया एवं समस्त नगरवासियों के संयुक्त तत्वावधान में भव्य पांच दिवसीय श्रीराम चरित मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। नगर के प्रमुख केंद्र दैहान चौक में आयोजित होने वाले इस गरिमामयी कार्यक्रम की तिथि घोषित कर दी गई है। आयोजन समिति के अध्यक्ष रेवाराम पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ 27 जनवरी से होगा। इस पांच दिवसीय आयोजन में छत्तीसगढ़ राज्य की लगभग 30 सुप्रसिद्ध मानस मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। ये मंडलियां अपनी अनूठी शैली और भजनों के माध्यम से प्रभु रामचंद्र जी की अमृतमय कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराएंगी।

## अधिकारी के दस्तख्त के बाद भी समय पर नहीं हो रहा काम

# तहसील के काटने पड़ रहे चक्कर

## परेशान फरियादियों को घूमा रहे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कोर्ट-कचहरी के कार्य में काफी चक्कर लगाने पड़ते हैं, यह सिर्फ एक कहावत नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत है। शासन भले ही सरकारी कामकाज को सरलीकरण की बात कहती है, लेकिन डिजिटल युग के दौर में भी लोगों को अपने कार्यों के लिए सरकारी दफ्तरों के खाक छाने पड़ते हैं। सबसे ज्यादा समस्या तहसील कार्यालय में दिखाई देती है। यहां पर नक्शा-खसरा संशोधन, जन्म, मृत्यु पंजीयन आदेश, जमीन संबंधी कार्यों के लिए लोगों को कई चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसके पीछे की एक बड़ी वजह तहसील कार्यालय में पदस्थ बाबू और कर्मचारी हैं। किसी काम को लेकर आने वाले फरियादियों द्वारा नियम अनुसार आवेदन करने, सभी दस्तावेज को पूरा करने के बाद ही अधिकारी के दस्तख्त होते हैं, लेकिन इन सब प्रक्रियाओं को पूरी करने के लिए होने वाली देरी के अलावा अधिकारी के दस्तख्त करने के बाद भी दस्तावेज कम्प्यूटर में एंट्री करने और सील-मोहर लगाने के नाम पर लोगों को 15-20 दिनों तक घुमाया जाता है।

### सील लगाने में भी देरी

जन्म प्रमाण पत्र बनाने को लेकर पहुंची एक महिला ने बताया कि उनकी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए लगभग डेढ़ महीने से आवेदन किया गया था। अधिकारी के हस्ताक्षर होने के बाद कम्प्यूटर में एंट्री करने और सील लगाने के लिए दो-तीन दिन बाद बुलाया गया।




### आदेश कॉपी देने टालमटोल

तहसील कार्यालय में नियम अनुसार आवेदन करने वाले लोगों को तहसीलदार के हस्ताक्षर होने के बाद भी आदेश कॉपी देने के लिए टालमटोल किया जाता है। तहसील कार्यालय पहुंचे एक व्यक्ति ने बताया कि वह जमीन संबंधी कार्य के लिए पहुंचे हैं। जिनकी सभी प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी और तहसीलदार ने भी दस्तख्त कर दिया है। इसके बावजूद दस्तावेज में हस्ताक्षर नहीं हुआ है, कहकर घुमाया जाता रहा, जब फाइल दिखाया गया तो दस्तख्त हो चुका था। इसके बाद कम्प्यूटर में एंट्री के नाम पर भी टालमटोल किया गया।

### डिप्टी कलेक्टर संभाल रहे प्रभार

तहसील कार्यालय में अब तक स्थाई तहसीलदार की पदस्थापना नहीं की गई है। तहसीलदार मनीष वर्मा के स्थानांतरण के बाद यहां प्रभारी तहसीलदार का कार्यभार डिप्टी कलेक्टर संभाल रहे हैं। उनके धान खरीदी सहित अन्य कार्य में व्यस्तता के चलते वह तहसील में कम समय दे पाते हैं। जिसकी वजह से कर्मचारियों पर कसावट नहीं है।

## शिविर का आयुक्त ने किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** जनता की समस्या का समाधान करने तथा उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ देने प्रदेश में गत माह से सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। नागरिकों की समस्या का समाधान के लिए शहर एवं गांव में शिविर लगाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम राजनांदगांव द्वारा भी वार्डवासियों की समस्या का निराकरण करने वार्डों के लिए समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। सोमवार को 20 वार्डों के लिए ठा. प्यारेलाल सिंह स्कूल एवं गांधी सभागृह में आयोजित शिविर का नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने निरीक्षण कर अधिकारी-कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए। दोनों शिविर में आयुक्त विश्वकर्मा सहित निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले समेत राजेश जैन रानू, शैंकी बग्गा, शिव वर्मा, प्रमोद झंझाडे, झामिन नादान सेन, रवि सिन्हा व अन्य लोग उपस्थित थे। शिविर में आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार वार्डवासियों की समस्या का समाधान करने 19 से 24 दिसंबर तक वार्डों के लिए 5 स्थानों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी वार्डवासियों से आवेदन ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन, जन्म-मृत्यु, विवाह पंजीयन सहित मूलभूत सुविधा बिजली, पानी सफाई से संबंधित आवेदन भी लिए जा रहे हैं।

# स्कूली बच्चों को किया जागरूक दी यातायात नियमों की जानकारी

## शिक्षण संस्थानों में चलाया जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत पांचवे दिन पुलिस ने शैक्षणिक संस्थाओं में कार्यक्रम आयोजित कर स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत पुलिस अधीक्षक अंकिता के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन एवं प्रभारी यातायात नवरतन कश्यप के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस द्वारा नीरज बायपयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी, वेसलियन स्कूल, म्युनिसिपल स्कूल, प्यारेलाल स्कूल, स्टेट स्कूल एवं अशोका इंजीनियरिंग कॉलेज शिक्षण संस्थानों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताते सड़क सुरक्षा संबंधी सावधानियों के संबंध में यातायात का पाठ पढ़ाया। इस अवसर पर शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने, बिना लाईसेंस वाहन न चलाने तथा सड़क सुरक्षा के महत्व के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

### जारी रहेगा अभियान

पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि परिवार एवं स्वयं की सुरक्षा के लिए बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलाएं, दुपहिया वाहन में तीन सवारी न चले, वाहन चलाते समय मोबाइल में बात न करें, तेज गति से वाहन न चलाएं, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं, नशे की हालत में कभी भी वाहन न चलाएं, नियंत्रित गति में वाहन चलाएं, संपूर्ण यातायात नियमों का पालन करें। यातायात रथ एवं अन्य विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से यातायात जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा।

### विद्यार्थी हुए लाभान्वित

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान लगभग 1000 शिक्षक एवं विद्यार्थी लाभान्वित हुए। उक्त जागरूकता अभियान में उपनिरीक्षक अनिल तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक येनलाल चंद्राकर, शरद मसीह, कुंजलाल साहू, सुरेज चंद्रवंशी एवं कमल किशोर श्रीवास्तव एवं यातायात स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

## दिल्ली में राष्ट्रीय युवा उत्सव में कृषि महाविद्यालय की छात्राएं होंगी शामिल



- 7 जनवरी को नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से आयोजित विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग, कार्यक्रम के तहत इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से संबद्ध कृषि महाविद्यालय राजनांदगांव के चार विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय युवा उत्सव में भागीदारी के लिए किया गया है।

दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव में पं. शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र की बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष की छात्रा कशिश प्रीत कौर, रुनझुन मोरे, तृतीय वर्ष की छात्रा प्रत्युसा दास और द्वितीय वर्ष की छात्रा अंजली भारती शामिल होंगी। उनकी इस उपलब्धि ने महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है।

कृषि महाविद्यालय की छात्राओं के इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की अधिष्ठाता, समस्त प्राध्यापकगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने हर्ष व्यक्त करते चारों विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते राष्ट्रीय स्तर पर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### 45 युवाओं का चयन

छत्तीसगढ़ राज्य से 75 युवाओं में से 45 युवा विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग के माध्यम से सम्मिलित किए गए। यह चयन प्रक्रिया राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर युवाओं की नेतृत्व क्षमता रचनात्मक सोच, सामाजिक प्रतिबद्धता और सांस्कृतिक दक्षता को ध्यान में रखते की गई। चयनित प्रतिभागी 7 जनवरी को नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

### सेंड ऑफ सेरेमनी का आयोजन

राष्ट्रीय युवा महोत्सव में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले चयनित युवाओं के सम्मान में 6 जनवरी को मुख्यमंत्री निवास रायपुर में सेंड ऑफ सेरेमनी का आयोजन भी किया जा रहा है। सेंड ऑफ सेरेमनी के दौरान चयनित युवाओं को मुख्यमंत्री एवं विशिष्ट अतिथियों से संवाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में प्रतिभागियों को अपने विचार विशिष्ट अतिथियों के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री के समक्ष विकसित भारत निर्माण हेतु प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त होगा। वहीं समस्त प्रतिभागियों के लिए अतिथियों एवं प्रधानमंत्री के साथ रात्रिकालीन भोज का आयोजन भी रखा गया है।

# गोधन योजना बंद करने पर सीएम का जलाया पुतला

## गौमाता पर टिप्पणी से भड़का आक्रोश, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा के राष्ट्रीय वक्ता एवं राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी द्वारा गाय को लेकर एक डिबेट शो में दिए गए वक्तव्य के बाद उनके खिलाफ गौमाता में नसलीय भेद को लेकर कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताया और शहर के महामाया चौक पर सुधांशु त्रिवेदी एवं प्रदेश में गोधन न्याय योजना बंद करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला जलाया। युवा कांग्रेस के नेताओं ने प्रदर्शन करते जमकर नारेबाजी की।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने प्रदर्शन के दौरान घुमंतू गाय की पूजा-अर्चना की और पुतला जलाकर प्रदर्शन किया। अपने प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि जर्सी गाय को गौमाता नहीं माना जा सकता, देशी गाय माता है। कांग्रेस नेताओं ने इस बयान को हिंदू आस्था का अपमान बताया है और गौमाता में नस्ल भेद के आधार पर बांटने की राजनीति बताया है।



### योजना बंद करने का आरोप

पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई गोधन न्याय योजना ने गौवंश संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था, महिला स्व-सहायता समूहों और गौपालकों को मजबूती दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने सत्ता में आते ही इस गोवशं और जनहितकारी इस योजना को बंद कर ग्रामीण आजीविका को खत्म करने का काम किया है।

### नस्ल भेद कर बांटने का आरोप

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के सचिव विशु अजमानी ने भाजपा पर दोहरे चरित्र का आरोप लगाते कहा कि एक ओर भाजपा गाय के नाम पर वोट मांगती है। वहीं दूसरी ओर इनके प्रवक्ता द्वारा गोवंश में भेदभाव फैलाने वाला बयान दिया जा रहा है। उन्होंने इस बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान हर्ष खोबरागड़े, सागर ताम्रकार, राजा यादव, शुभम कसार, अभी गुप्ता, हर्षल हनी, अंसल, प्रभात मांडवी, देव कोमरे, गरुण विक्रम, तौसीफ गोरी, जय जायसवाल, सुरेन्द्र साहू, आशीष साहू, उदय मरकाम, चेतन साहू, ऋषभ निर्मलकर, जय साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## प्रधान डाकघर का व्यवसायिक समय शाम 6 बजे तक

**राजनांदगांव।** भारतीय डाक विभाग द्वारा नागरिकों को बेहतर एवं सुगम डाक सेवाएं उपलब्ध कराने, ग्राहकों की बढ़ती आवश्यकताओं के दृष्टिगत डाकघरों के व्यवसायिक समय में विस्तार किया गया है। राजनांदगांव संभाग अंतर्गत आने वाले राजनांदगांव प्रधान डाकघर एवं कवर्धा मुख्य डाकघर के व्यवसायिक समय में वृद्धि करते सुबह 10 से शाम 6 बजे तक किया गया है। इस समयावधि में नागरिक को स्पीड पोस्ट, पार्सल, वित्तीय सेवाओं एवं अन्य डाक सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।

## वरिष्ठजनों को कराई जाएगी यात्रा

**राजनांदगांव।** श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना के तहत जिले के 55 वर्ष से अधिक और 75 वर्ष से कम उम्र के 91 वरिष्ठजनों को 21 जनवरी से 24 जनवरी 2026 तक अयोध्या धाम की यात्रा कराई जाएगी। यात्रा के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय समाज कल्याण विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

हरिभूमि
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र 'हरिभूमि' प्राप्त करने, समाचार व विज्ञापन हेतु निम्न स्थानों पर संपर्क करें...
'हरिभूमि' समाचार पत्र के स्थान पर यदि अन्य अखबार मिल रहा हो तो संपर्क करें-
अं.चौकी : उदयन राज त्रिपाठी 9406433993
मोहला : आभास शर्मा - 6260517094
पिनकापार : - 6268260462

## नागपुर कलमना के विजयनगर में शानदार प्रस्तुति

# पंडवानी में तरूणा ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ की अद्भुत सांस्कृतिक धरोहर पंडवानी की सुरम्य गाथा नागपुर के कलमना विजयनगर में उस समय गूंज उठी, जब पद्म विभूषण डॉ. तीजनबाई की शिष्या और छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका तरुणा साहू ने अपने सशक्त एवं भावपूर्ण प्रदर्शन से समूचे मेला स्थल को मंत्रमुग्ध कर दिया।

छत्तीसगढ़ की बेटी और वर्तमान में रेल सुरक्षा बल आरपीएफ राजनांदगांव में इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ तरुणा साहू ने "लोक मंडई-छत्तीसगढ़ संस्कृति" कार्यक्रम के मंच पर महाभारत के दो मार्मिक प्रसंग

'द्रौपदी चीरहरण' और 'शंकर अर्जुन संवाद' का इतना प्रभावशाली प्रस्तुतिकरण किया कि हजारों की संख्या में उपस्थित दर्शकों की आंखें नम हो गई और हर दिल में अपनी संस्कृति के प्रति गर्व और भावनाओं का ज्वार उमड़ पड़ा।

तरूणा साहू बचपन से ही छत्तीसगढ़ की संस्कृति और पंडवानी परंपरा को समर्पित रही हैद्ध मात्र 9 वर्ष की आयु से पंडवानी का अभ्यास और मंचन करते आज वे पूरे भारत में छत्तीसगढ़ी लोककला की सशक्त प्रतिनिधि बन चुकी है। उनके गुरुओं में पद्म विभूषण डॉ. तीजनबाई जैसी महान विभूति शामिल हैं, जिनके सान्निध्य में उन्होंने पंडवानी की गहराइयों को आत्मसात किया। छत्तीसगढ़ सरकार और भारत सरकार द्वारा फोक एवं ट्रेडिशनल आर्ट में सम्मान एवं स्कॉलरशिप प्राप्त करने वाली तरुणा साहू न केवल एक समर्पित लोक कला साधक है, बल्कि अपनी पुलिस सेवा के दायित्वों का भी अत्यंत निष्ठा से निर्वहन करती हैं। समाज सेवा और संस्कृति-संरक्षण के इस अद्भुत समन्वय ने उन्हें विशिष्ट व्यक्तित्व प्रदान किया है।



### पंडवानी की मशाल जलाए रखने दी शुभकामनाएं

हाल ही में कलमना विजयनगर के मंच पर उनके प्रदर्शन के दौरान नागपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में बसे छत्तीसगढ़वासी भाव-विह्वल होकर गर्व से भर उठे। सभी ने उन्हें भरपूर आशीर्वाद और स्नेह प्रदान किया तथा भविष्य में भी इसी तरह पंडवानी की मशाल जलाए रखने की शुभकामनाएं दी। इसके पूर्व भी तरुणा साहू ने अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर पंडवानी की प्रस्तुति देकर छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा को राष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया है।

### प्रसंग को किया जीवंत

आज जब लोककलाएँ आधुनिकता की दौड़ में विलुप्त होने की कगार पर हैं, ऐसे समय में तरुणा साहू अपने सुर, शब्द और संवाद के माध्यम से पंडवानी जैसी अनमोल कला को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का संकल्प निभा रही हैं। वे सचमुच छत्तीसगढ़ की एक सच्ची सांस्कृतिक दूत हैं। संपूर्ण छत्तीसगढ़वासी उनके इस समर्पण, लगन और प्रतिभा पर गर्व महसूस करते हैं और कामना करते हैं कि वे यूं ही अपनी लोकधरोहर को जीवंत रखकर विश्व पटल पर छत्तीसगढ़ का मान और गौरव बढ़ाती रहें। उक्त पंडवानी कार्यक्रम में रागी के रूप में तिहार सिंह ध्रुव, बैंजो में हर्ष मेश्राम, तबला वादक नूतन दामले, हारमोनियम में टीकाराम गेंदले और बांसुरी वादन में अर्जुन यादव ने अपनी वाद्य यंत्रों से पंडवानी के माध्यम से तरूणा साहू के साथ महाभारत प्रसंग को जीवंत किया।

## मानिटरिंग समिति की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अनुसूचित जाति-जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम 1995 के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार से पीड़ित व्यक्तियों को दी गई राहत राशि की समीक्षा की गई। कैलेन्डर वर्ष 2025 से अद्यतन स्थिति में प्राप्त प्रकरण, प्रक्रियाधीन प्रकरण, लंबित प्रकरणों पर चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सदस्य बिरमबाई मंडावी, जनपद पंचायत सदस्य राजेन्द्र सिंह ठाकुर, समाजसेवक चंदन कश्यप, समाजसेवी लखन सूर्यवंशी, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी गिरधारी साहू, उप पुलिस अधीक्षक अजाक थाना तनुप्रिया ठाकुर, सहायक संचालक आदिवासी विकास दीक्षा गुप्ता उपस्थित थे।






## खबर संक्षेप

### कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का हुआ भव्य शुभारंभ

**हरिभूमि कवर्धा।** रायपुर रोड स्थित श्रीराम फर्नीचर के पास भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की कृपा से भव्य श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। कथा का प्रारंभ शोभायात्रा एवं कलश यात्रा के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं एवं युवा शामिल हुए। जय श्रीराम के उद्घोष, भजन-कीर्तन और मंगल ध्वनियों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस सात दिवसीय यह कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से हरि इच्छा तक आयोजित की जाएगी। कथा में श्रीराम के आदर्श चरित्र, मर्यादा और धर्म के संदेशों का वर्णन किया जाएगा। श्रद्धालुओं का मानना है कि इससे सामाजिक सद्भाव, नैतिक जागरण और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा। इस पावन आयोजन में सभी श्रद्धालुओं को सपरिवार उपस्थित होकर श्रीराम कथा रसपान कर अपने जीवन को कृतार्थ करने अपील की गई।

# प्रीमियर लीग: फाइनल मुकाबले में वार्ड 8 कवर्धा ने जीता खिताब

- जिले में खेल संस्कृति को मिला नया आयाम, युवाओं को मिला प्रतिभा निखारने का सशक्त मंच : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन एवं विशेष पहल पर आयोजित कवर्धा प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला कवर्धा के वार्ड नंबर 08 एवं ग्राम सारी के मध्य खेला गया। यह मुकाबला दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक रहा, जिसमें अंतिम गेंद तक खेल जारी रहा और आखिरी गेंद पर ही परिणाम तय हुआ। फाइनल मैच में वार्ड नंबर 08 की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्राम सारी को 101 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए ग्राम सारी की टीम ने आखिरी ओवर तक संघर्षपूर्ण प्रदर्शन किया। अंतिम गेंद पर जीत के लिए 6 रनों की आवश्यकता थी, लेकिन वार्ड नंबर 08 के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी और अनुशासित खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम को विजेता बनाया। इस प्रकार वार्ड नंबर 08 ने कवर्धा प्रीमियर लीग का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर तीसरे स्थान के लिए ग्राम बरेंडा एवं कवर्धा के वार्ड नंबर 09 के मध्य मुकाबला खेला गया, जिसमें ग्राम बरेंडा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने फाइनल मुकाबले से पूर्व विधिवत पूजा-अर्चना कर मैच का शुभारंभ किया। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ खेलने का संदेश दिया।

मैच के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने नगर पालिका अध्यक्ष एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष की गेंदों पर आकर्षक लंबे शॉट लगाकर स्वयं भी खेल का आनंद लिया, जिससे मैदान में मौजूद खिलाड़ियों और दर्शकों का उत्साह और बढ़ गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने ग्राम बरेंडा में मिनी स्टेडियम निर्माण की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी प्रतिभाओं को बेहतर मंच और सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है, ताकि युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिल सके।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कवर्धा प्रीमियर लीग में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों, आयोजकों एवं खेल प्रेमियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस आयोजन ने जिले में खेल संस्कृति को नई दिशा दी है। उन्होंने खिलाड़ियों द्वारा प्रदर्शित अनुशासन, समर्पण और खेल भावना की विशेष रूप से सराहना की। उन्होने कहा कि भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक दिशा, मंच और प्रोत्साहन प्रदान किया जाता रहेगा, ताकि कवर्धा जिले से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी उभर सकें।




### विजेता-उपविजेता टीमों को नगद पुरस्कार व शील्ड प्रदान किया

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा प्रीमियर लीग के समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कवर्धा वार्ड नंबर 08 की टीम को 1 लाख 11 हजार रुपए की पुरस्कार राशि एवं आकर्षक शील्ड प्रदान की गई। वहीं, प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल करने वाली ग्राम सारी की टीम को 51 हजार रुपए की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली ग्राम बरेंडा की टीम को 31 हजार रुपए की पुरस्कार राशि एवं आकर्षक शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैट्समैन, मैन ऑफ द सीरिज खिलाड़ियों को भी शील्ड मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उपमुख्यमंत्री ने सभी विजेता एवं सहभागी टीमों को बधाई देते हुए कहा कि कवर्धा प्रीमियर लीग जैसे आयोजनों से जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिला है तथा युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का सशक्त मंच प्राप्त हो रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों के अनुशासन, मेहनत और खेल भावना की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के निरंतर आयोजन की बात कही।

## सौगात : पंडरिया अंतर्गत विभिन्न गांवों को मिली विकास की नई राह : भावना बोहरा

# विधायक ने 19.49 करोड़ से अधिक के सड़क निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव/कुण्डा

पंडरिया विधानसभा की प्रगति एवं विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यो के लिए लगातार प्रयासरत पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के प्रयासों से विधानसभा वासियों को बड़ी सौगात मिली है। जिस पर सोमवार को विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने 19 करोड़ 49 लाख 12 हजार की लागत से ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली 6 प्रमुख व बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्यो का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

इस दौरान श्रीमती भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्राम दामापुर में 5 करोड़ 85 लाख 58 हजार की लागत से ग्राम माकरी से पटुवा एवं 3 करोड़ 8 लाख 12 हजार की लागत से ग्राम दामापुर से बहबलिया तक सड़क निर्माण तथा ग्राम हथमुड़ी में 4 करोड़ 76 लाख 65 हजार की लागत से हथमुड़ी से कोलेगांव तक निर्माण और ग्राम कुण्डा में 2 करोड़ 15 लाख 77 हजार की लागत से कुण्डा से माकरी पंडरिया एवं 1 करोड़ 69 लाख 70 हजार की लागत से ग्राम कुण्डा से सेन्हाभाठा एवं 1 करोड़ 93 लाख 30 हजार की लागत से सेन्हाभाटा से महका तक सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

विधायक श्रीमती बोहरा ने इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि गांवों को सशक्त किए बिना प्रदेश और देश का विकास संभव नहीं है। मजबूत सड़कें गांवों की जीवन-रेखा होती हैं, जो किसानों को बाजार से जोड़ती हैं, युवाओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ती हैं और आम नागरिकों को शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक सुगम पहुंच प्रदान करती हैं। इन सड़क परियोजनाओं से पंडरिया विधानसभा के दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी, जिससे कृषि, लघु उद्योग और स्थानीय व्यापार को नई दिशा मिलेगी। सुगम आवागमन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और गांव आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर होंगे। डबल इंजन सरकार के समन्वित प्रयासों से पंडरिया विधानसभा में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं। सड़कों के साथ-साथ बिजली, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी लगातार सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण जीवन स्तर में व्यापक सुधार हो रहा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध और विकास कार्यो को निरंतर गति देना तथा जनकल्याण के लिए संचालित योजनाओं का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकासोन्मुखी सोच और ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने की नीति के तहत सड़क अवसंरचना को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। सुदृढ़ सड़कें न केवल आवागमन को सुगम बनाती हैं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक प्रगति, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के अवसरों को भी मजबूती प्रदान करती हैं। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों की शहरों से कनेक्टिविटी बेहतर होगी, किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों को सुगम यातायात सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को नई गति प्राप्त होगी। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थें।



### किसानों व जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पर मिली स्वीकृति

भावना बोहरा ने कहा कि आज भाजपा सरकार के सुशासन एवं पंडरिया विधानसभा वासियों के सुझाव एवं मार्गदर्शन से हम विकास की इस गति को निरंतर आगे बढ़ा रहें हैं। जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनना, सुझावों को जानना और उनकी आकांक्षाओं को पूरा करना इसके लिए हम सतत प्रयास कर रहें हैं जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहें हैं। विकास कार्यो के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों के सशक्तिकरण एवं अधोसंरचना निर्माण से लेकर मूलभूत सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। सिंचाई व्यवस्था और पर्याप्त जल आपूर्ति के लिए सिंचाई परियोजनाएं जो यहां के किसानों और जनता की बहुप्रतीक्षित मांग थी उन्हें भी स्वीकृति मिली है और कई परियोजनाओं का निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका है। नवीन महाविद्यालय की स्थापना, रणवीरपुर और नगर पंचायत पाण्डातराई में उप-तहसील की स्थापना, पीएम जनमन योजना से पक्की सड़कों का निर्माण व पीएम आवास की सौगात, राष्ट्रीय राजमार्ग 130-अंतर्गत पंडरिया नगर के सड़क मरम्मत कार्य के लिए 20 करोड़ रुपए की स्वीकृति, 100 सीटर कन्या छात्रावास भवन, हरिनाला से बिशेसरा पुल तक राष्ट्रीय राजमार्ग 130 के सड़क के फोरलेन एवं चौड़ीकरण के लिए 13 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। ऐसे कई कार्य हैं जो विगत 2 वर्षो में पंडरिया विधानसभा में हो रहें हैं और इस विकास यात्रा को निरंतर गति देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

# चार बच्चों के पिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पेड़ पर लटका मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा से लगभग 7-8 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम महाराजपुर में एक युवक की रहस्यमयी मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के अनुसार चार बच्चों के पिता लालदास पटेल 35 वर्षीय का शव सोमवार की सुबह जोड़ा तालाब के पास एक छोटे पेड़ से संदिग्ध अवस्था में लटका मिला। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह खेत जाने के दौरान सबसे पहले इसकी जानकारी मिली। प्रारंभ में ग्रामीणों ने इसे फसलों की सुरक्षा के लिए लगाया गया काकभगोड़ा समझा, लेकिन पास जाकर देखने पर मृत व्यक्ति होने की पुष्टि हुई। सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। जिस पर ग्रामीणों ने मृतक की पहचान लालदास पटेल, पिता साधुराम पटेल के रूप में की गई जिसके गले में रस्सी बंधी हुई थी। मौके की स्थिति को देखकर मामला संदेहास्पद प्रतीत हो रहा है, क्योंकि जिस पेड़ पर शव मिला वह महज 10-12 फीट ऊंचा था और मृतक के घुटने जमीन से सटे हुए पाए गए। ऐसे हालात में इसे सामान्य फांसी का मामला मानना कठिन बताया जा रहा है। मृतक के पिता के अनुसार लालदास सोमवार की सुबह लगभग 4 बजे टहलने के लिए घर से निकला था, जिसके बाद सुबह उसकी मौत की खबर मिली। फिलहाल मृतक की मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। मृतक अपने पीछे माता-पिता, पत्नी और चार छोटे बच्चों को छोड़ गया है। इस घटना की पुलिस टीम मामले की जांच में जुटी हुई है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।



# राजमती विश्वकर्मा का राष्ट्रीय मंच पर चयन, भारत भवन भोपाल में करेंगी सुपा कला का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

जिले के पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम मोहतरा कला की होनहार बाल कलाकार राजमती विश्वकर्मा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कला का प्रदर्शन करने जा रही हैं। 8 से 11 जनवरी तक आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित आयोजन में राजमती को भारत भवन, भोपाल में सुपा कला प्रदर्शन के लिए विशेष आमंत्रण प्राप्त हुआ है। यह आयोजन ग्राम पंचायत मोहतरा कला की सरपंच श्रीमती वर्षा निलेश चंद्रवंशी के सौजन्य से संभव हो पाया है। राजमती विश्वकर्मा, प्रसिद्ध कलाकार भगत राम विश्वकर्मा की सबसे छोटी पुत्री हैं। उन्होंने पहली बार इतने बड़े राष्ट्रीय मंच पर अपनी कला को प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त किया है। भोरमदेव आदिवासी चित्रकार फाउंडेशन के निदेशक एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चित्रकार बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा द्वारा जिले के प्रतिभाशाली कलाकारों को निरंतर मंच प्रदान किया जा रहा है। ग्राम पंचायत मोहतरा कला के सहयोग से गांव में विकसित अटल उद्यान में रामलीला और कृष्णलीला विषय पर की गई उत्कृष्ट चित्रकारी को देखकर राजमती को कला के प्रति प्रेरणा मिली। सीमित समय के अभ्यास में ही उन्होंने अपनी प्रतिभा को निखार लिया। उनकी कला को बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा ने भारत भवन के अधिकारी अजय भट्टाचार्य के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसके बाद राजमती को इस राष्ट्रीय आयोजन में सहभागिता का अवसर मिला। भारत भवन प्रबंधन द्वारा राजमती की यात्रा, ठहरने एवं भोजन की संपूर्ण व्यवस्था की गई है। वहीं सरपंच श्रीमती वर्षा निलेश चंद्रवंशी ने कला सामग्री उपलब्ध कराकर राजमती का उत्साहवर्धन किया। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ से कुल 24 कलाकार (11 बालिकाएं एवं 13 बालक) भाग ले रहे हैं, जबकि देश के 11 राज्यों से 94 कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। राजमती की इस उपलब्धि से ग्राम मोहतरा कला में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यह उपलब्धि पूरे गांव के लिए गर्व का विषय है और मोहतरा कला अब सच्चे अर्थों में कला का गढ़ बनकर उभर रहा है।



## शौचालय जर्जर, स्कूली बच्चे खुले में शौच जाने मजबूर

**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम बीजाझोरी स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में बने शौचालय अत्यंत जर्जर और बदहाल स्थिति में हैं। शौचालय पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण स्कूली छात्र छात्राओं को भारी दिक्कतों व परेशानियों को सामना करना पड़ है। वहीं विद्यार्थियो को शौचालय का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे छात्र छात्राओं खुले में शौच जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि शौचालय पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है साथ ही दरवाजे और खिड़कियां तक नहीं हैं, जिससे बच्चों को असुविधा और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर बालिकाओं को इससे अधिक परेशानी हो रही है। शौचालय की अनुपयोगी स्थिति के कारण सभी छात्र-छात्राएं परेशान हैं। ग्रामीणों एवं अभिभावकों का कहना है कि यदि शौचालय की तत्काल मरम्मत अथवा नवनिर्माण कराया जाए, तो स्कूली विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिल सकती है। वर्तमान में बच्चों को खुले में शौच जाने मजबूर है, जबकि गांव को शौच मुक्त घोषित किया जा चुका है और खुले में शौच सख्त रूप से प्रतिबंधित है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस गंभीर समस्या पर शीघ्र ध्यान देते हुए विद्यालय में शौचालय की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि बच्चों को स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण मिल सके।



## खेड़ापति हनुमान दादा मंदिर में विशेष पूजन

# खेड़ापति हनुमान दादा कलियुग के राजा व कवर्धा क्षेत्र के अधिपति है




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पत्रकार बंधुओं के कल्याण, कार्यक्षेत्र में उन्नति, व्यापार वृद्धि, संकट निवारण एवं सुख-शांति की कामना को लेकर सोमवार को खेड़ापति हनुमान दादा मंदिर परिसर में विधिवत विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। यह पूजा पं चंद्रकिरण तिवारी महाराज के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धापूर्वक संपन्न हुई। पं चंद्रकिरण तिवारी महाराज ने पूजन उपरांत कहा कि खेड़ापति हनुमान दादा कलियुग के राजा एवं कवर्धा क्षेत्र के अधिपति हैं, जो बिना भेदभाव सभी वर्गो का कल्याण करते हैं। यहां समाज के प्रत्येक वर्ग, समुदाय, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं आमजन श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामनाएं रखते हैं, जिन्हें खेड़ापति दादा पूर्ण करते हैं। पं चंद्रकिरण तिवारी ने पत्रकारों का किया सम्मान पूजन कार्यक्रम के पश्चात उन्होने उपस्थित सभी पत्रकार बंधुओं का सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रत्येक पत्रकार को हनुमान चालीसा, खेड़ापति हनुमान दादा की तस्वीर एवं प्रसाद भेंटकर आशीर्वाद प्रदान किया।

श्री तिवारी ने कहा कि पत्रकार समाज के प्रहरी होते हैं, जो कलम के माध्यम से जनसेवा, सत्य के प्रसार एवं धर्म-संस्कृति की रक्षा का कार्य करते हैं। पत्रकार बंधु समय-समय पर अपने लेखन और समाचारों के माध्यम से खेड़ापति दादा की सेवा करते रहते हैं। इसी भावना के साथ पत्रकारों के सामूहिक कल्याण के लिए यह पूजा आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। उपस्थित पत्रकारों ने भी खेड़ापति हनुमान दादा के चरणों में शीश नवाकर अपने कार्यक्षेत्र में सफलता एवं समाज के समग्र कल्याण की कामना की।

## सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने किया जेडी कार्यालय दुर्ग का घेराव, पदोन्नति में देरी पर जताया आक्रोश



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर एवं प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर के नेतृत्व में सोमवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत संभागीय संयुक्त संचालक (जेडी) कार्यालय दुर्ग का घेराव किया गया। इस संभाग स्तरीय आंदोलन में दुर्ग संभाग के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए। फेडरेशन पदाधिकारियों ने बताया कि जेडी कार्यालय घेराव का मुख्य कारण सहायक शिक्षकों की लंबित मांगों पर विभागीय स्तर पर हो रही लगातार देरी है। प्रमुख मांगों में सहायक शिक्षकों की पदोन्नति हेतु वरिष्ठता सूची जारी करने में लेट-लतीफी, शिक्षकों के स्वयं के मोबाइल में वीएसके एप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध तथा मिडिल स्कूल प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति की मांग शामिल है। 15 दिवस में पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने का आश्वासन, नहीं हुआ निराकरण तो होगी तालाबंदी, घेराव के दौरान संभागीय संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर द्वारा फेडरेशन प्रतिनिधियों से चर्चा की गई, जिसमें उन्होंने 15 दिवस के भीतर पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने तथा आज शाम तक पदोन्नति प्रक्रिया का शेड्यूल जारी करने का आश्वासन दिया। इस पर फेडरेशन ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय-सीमा में मांगों का निराकरण नहीं किया गया, तो आगामी दिनों में पुनः जेडी कार्यालय का घेराव करते हुए पूर्ण तालाबंदी की जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस संभाग स्तरीय घेराव कार्यक्रम में कबीरधाम जिले से भी फेडरेशन के जिला, ब्लॉक एवं संकुल स्तर के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष प्रेम-नारायण शर्मा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष केशलाल साहू, कवर्धा ब्लॉक अध्यक्ष लोकेंद्र चंद्रवंशी, लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष राजेश मिश्रा, शैलेंद्र राजपूत, संजय कुमार साहू, हेमदीप निषाद, विपिन भारद्वाज, अरविंद निर्मलकर, प्रदीप कुमार मंडावी, मुकेश ठाकुर, देवेंद्र राजपूत, शशिजीत सिंह राजपूत, साकेत सिंह राज, नीलकंठ ठाकुर, हीरा साहू एवं निर्मल मरावी सहित अन्य पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित थें।

**शुभारंभ: छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में डिजिटल अपराधों पर सख्ती की दिशा में बड़ा कदम**

# जिले के पहले साइबर थाना का गृहमंत्री विजय शर्मा ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने की दिशा में कबीरधाम को बड़ी सौगात मिली है। पुराना पुलिस लाइन, कवर्धा में जिले के पहले साइबर थाना का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने बीते रविवार को किया।

यह थाना ऑनलाइन ठगी, बैंक फ्रॉड, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया अपराध और अन्य डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों में अहम भूमिका निभाएगा। उद्घाटन के दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि डिजिटल लेनदेन, ऑनलाइन सेवाओं और सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराधों में भी लगातार वृद्धि हो रही है, ऐसे अपराधों में शुरुआती समय अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। साइबर थाना के माध्यम से शिकायतों का तत्काल पंजीकरण, फ्रॉड की राशि को समय रहते होल्ड करना, डिजिटल साक्ष्यों का वैज्ञानिक तरीके से जमा करना और आरोपियों तक शीघ्र पहुंच संभव होगी। इससे आम लोगों में डिजिटल सुरक्षा को लेकर भरोसा और ज्यादा मजबूत होगा।

## साइबर थाना में 30 पुलिस कर्मियों की नियुक्ति



एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने जानकारी दी कि यह जिले का पहला साइबर थाना है, जिसमें एक निरीक्षक प्रभारी सहित कुल 30 प्रशिक्षित अधिकारी एवं कर्मचारियों की पदस्थापना की गई है। थाना के समुचित पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन के लिए उप पुलिस अधीक्षक स्तर के एक राजपत्रित अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे कार्यवाही की गुणवत्ता और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके।

## साइबर फ्रॉड में अब तक मिली सफलता

एसपी ने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद कबीरधाम पुलिस ने साइबर तकनीक का प्रभावी उपयोग करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। अब तक ऑनलाइन ठगी के 112 मामलों में लगभग 50 लाख रुपए पीड़ितों को वापस कराए गए हैं साथ ही सीईआईआर पोर्टल की मदद से 872 गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर नागरिकों को लौटाए गए हैं। साइबर थाना शुरू होने से जिले में साइबर अपराधों की शिकायतों का त्वरित निराकरण, बेहतर विवेचना, डिजिटल साक्ष्य संकलन की गुणवत्ता में सुधार और महिलाओं, बच्चों व कमजोर वर्गों से जुड़े मामलों में जल्द कार्रवाई संभव होगी। यह पहल सुरक्षित, भरोसेमंद और तकनीक-सक्षम डिजिटल कबीरधाम के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# मनरेगा, एसआईआर के खिलाफ कांग्रेस का एलान-ए-जंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं मनरेगा को समाप्त कर जी राम जी योजना लागू किए जाने के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बोड़ला की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल एवं ब्लॉक अध्यक्ष पीतांबर वर्मा ने किया। बैठक के प्रभारी नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि रामचरण साहू थे। बैठक में कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल का फूल-माला व गुलाल लगाकर भव्य स्वागत किया गया नए जिला अध्यक्ष ने एसआईआर प्रक्रिया पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे गरीब, ग्रामीण और वंचित वर्ग के मताधिकार पर खतरा उत्पन्न हो सकता है।मनरेगा के स्थान पर जी राम जी योजना लाने को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। मनरेगा ग्राम पंचायत की जान है। इसे खत्म करना सीधे-सीधे पंचायत व्यवस्था और ग्रामीण रोजगार पर हमला है।"उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार मनरेगा खत्म कर पंचायतों की स्वायत्तता समाप्त करना चाहती है। जिला व ब्लॉक नेतृत्व ने एलान किया कि यदि सरकार ने इन मुद्दों पर निर्णय वापस नहीं लिया तो कांग्रेस सड़क से लेकर दिल्ली तक व्यापक आंदोलन करेगी। मनरेगा मुद्दे को लेकर 18 प्रभारी नियुक्त कर गांव-गांव जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने और संघर्ष तेज करने की अपील की गई। कार्यक्रम में विकासखंड की वनांचल से लेकर मैदानी क्षेत्र के बड़ी संख्या में प्रमुख नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे जिनमे डाकोर चंद्रवंशी, मन्नू चंद्रवंशी, विजय पांडे, रामचरण साहू, पीतांबर वर्मा, मुखी राम मरकाम, शिव वर्मा, मनमोहन अवस्थी, उमेश चंद्रवंशी, छवि वर्मा, नीलकंठ साहू सूरज वर्मा, अमन वर्मा, राधे जायसवाल आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय खगोल विज्ञान कार्यशाला आज से

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर, दलदल सिवनी, सड्डू रायपुर द्वारा अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से आम जनमानस एवं समाज में वैज्ञानिक अभिरुचि विकसित करने के उद्देश्य से जिले के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, रानी दुर्गावती चैक, कवर्धा में 06 एवं 07 जनवरी 2026 को दो दिवसीय खगोल विज्ञान कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला के अंतर्गत दोनों दिवस नाइट स्काई ऑब्जर्वेशन कार्यक्रम का आयोजन सायं 6 बजे से 8 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी आयु वर्ग के विज्ञान में रुचि रखने वाले छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं आम नागरिक भाग लेकर खगोल विज्ञान के प्रति अपनी जिज्ञासा एवं वैज्ञानिक सोच को विकसित कर सकते हैं।

### विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी

**कवर्धा।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रारूप मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के उपरांत 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक दावा आपत्ति ली जा रही है। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रतिदिन प्राप्त दावा आपत्तियों की जानकारी देते हुए बताया कि 05 जनवरी की स्थिति में प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन पहले प्राप्त फार्म 6-जोड़ने के लिए 2409, फार्म 07-हटाने के लिए 497 तथा प्रकाशन के बाद मतदाताओं से सीधे प्राप्त दावे और आपत्तियां 1079 आवेदन प्राप्त हुए थे।

# भाजपा शासनकाल में भी नलजल योजना का हाल बेहाल

**गांवों में अब भी शोपीस की तरह खड़ी लाखों की पानी टंकियां**





हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

कांग्रेस शासन काल के दौरान भाजपा का आरोप था कि कांग्रेस सरकार केन्द्र सरकार के जनकल्याणकारी नलजल योजना में भारी भ्रष्टाचार कर लोगों के हक का पानी छीन रही है। जिसके चलते लोगों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसे में उम्मीद की जा रही थी कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद न सिर्फ इस योजना का जिले में बेहतर क्रियान्वयन होगा बल्कि कांग्रेस शासनकाल में इस योजना का मटियामेट करने वालों के खिलाफ भाजपा सरकार चुन-चुनकर कार्यवाही करेगी। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के करीब दो साल से भी अधिक का समय बीत जाने के बाद भी न तो योजना का बेहतर क्रियान्वयन हो पा रहा है न ही योजना का मटियामेट करने वालों के खिलाफ कोई कार्यवाही की जा रही है। जमीनी हकीकत ये है कि जल जीवन मिशन की जो स्थिति कांग्रेस शासन काल में थी वहीं स्थिति भाजपा शासन काल में दिखाई दे रही है। आज भी जिले के कई ग्रामों में लाखो रूपए की लागत से निर्मित कराई गई पानी टंकी और पाईप लाईन प्यासों को मुंह चिड़ा रही है। न तो पानी टंकी में पानी भर रहा है और न ही घर-घर लगाए गए नल पानी उगल रहे हैं। इसकी एक बानगी विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम पंचायत घोरपेंड्री के आश्रित ग्राम बसनी में देखी जा सकती है। जहां लाखों रुपए की लागत से निर्मित पानी टंकी सिर्फ शोपीस बनकर रह गई है। इसी तरह स्थानीय हाई स्कूल के सामने हैंडपंप पर सौर ऊर्जा चलित सिंटेक्स लगा हुआ है वह भी सो पीस की तरह खड़ा बस है। इससे न तो एक बूंद पानी ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा और न ही कोई काम करता दिखाई दे रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि नल जल योजना की यह स्थिति सिर्फ ग्राम बसनी भर की नहीं है बल्कि विकासखण्ड पंडरिया, बोड़ला, स. लोहारा से लेकर कवर्धा के दर्जनों वनांचल और मैदानी गांवों की कमोबेस यही स्थिति है। ऐसे में लोगों का मामना है कि अगर शासन प्रशासन तथा संबंधित विभाग ने इसे दुरूस्थ नहीं कराया तो आने वाले ग्रीष्म ऋृतु में लोगों को पेयजल की गंभीर समस्या झेलनी पड़ सकती है।

# खबर का असर: कोलेगांव से हथमुड़ी प्रधानमंत्री सड़क का किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव-हथमुड़ी क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा वर्षो से की जा रही सड़क निर्माण की मांग को हरिभूमि द्वारा लगातार प्रमुखता से उठाए जाने के बाद अब जल्द ही इस सड़क के कायाकल्प की उम्मीद जगी है।

जानकारी के मुताबिक क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने सोमवार को प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित होने वाले इस 10 किलो मीटर सड़क निर्माण का विधिवत भूमिपूजन किया। ऐसे में माना जा रहा है कि सब कुछ ठीक रहा और संबंधित कार्य ऐजेंसी व उनके ठेकेदारों ने निर्माण मानकों के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण सड़क का निर्माण समय सीमा में कर दिया तो जल्द से क्षेत्र के ग्रामीण



किसानो को सुलभ आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सकती है। यहां बताना लाजिमी होगा कि विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव से हथमुड़ी तक करीब 10 किलो मीटर सड़क की हालत बेहद खस्ताहाल और जर्जर हो चुकी थी। जिसके चलते क्षेत्र के ग्रामीणों, किसानो और विद्यार्थियों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

जिसके नवीनीकरण की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा लम्बे समय से शासन-प्रशासन तथा क्षेत्रीय विधायक से करते आ रहे थे। जिस पर शासन ने इस इस सड़क की स्वीकृति तो प्रदान कर दी थी लेकिन निर्माण कार्य का श्री गणेश नहीं हो पा रहा था। ग्रामीणों की इस समस्या को हरिभूमि द्वारा प्रमुख लगातार उठाया जाता रहा है। जिसके चलते अब इस सड़क का भूमिपूजन किया गया है।

# दुल्लापुर में 20 एकड़ का पैरावट जलकर खाक

- क्षेत्र में नहीं थम रही पैरावट में आग लगने की घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

जिले के विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र में अज्ञात कारणों से खेत, खलिहानो में रखे धान पैरावट में आग लगने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।



क्षेत्र में धान कटाई के बाद से लेकर अब तक करीब दो दर्जन अग्नि दुर्घटनाओं व आगजनी के बीच सोमवार को एक बार फिर विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम दुल्लापुर में पैरावट में आग लगने की घटना सामने आई है। जिसमें करीब पांच स्थानो में रखे धान पैरा तथा धान खरही जलकर राख हो गई। बताया जाता है कि इस अग्नि दुर्घटना से स्थानीय किसान परमेश्वर, सुशील चंद्रवंशी, रामानुज प्रकाश, सुशील, शुकदेव चंद्रवंशी को खासा नुकसान उठाना पड़ गया।

अभी तक पैरावट व धान खरही में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस क्षेत्र में बीते कई दिनो से खेत खलिहानो में रखे धान पैरावट में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही है। जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होने इस तरह एक के बाद एक हो रही अग्नि दुर्घटना की शिकायत कुण्डा थाना तथा दामापुर पुलिस चौकी में भी की है क्योंकि उन्हें आशंका है कि कोई अज्ञात व्यक्ति जानबूझकर पैरावट में आग लगा रहा है लेकिन अभी तक पुलिस मामले को सुलझा नहीं पाई है।

# नगर में लायंस क्लब महासमुंद का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगर के लायंस क्लब की उपलब्धियों में एक नया अध्याय तब जुड़ गया, जब अध्यक्ष एमजेएफ लायन प्रेमचंद श्रीश्रीमाल के प्रयत्नों से 3 जनवरी शनिवार को लायंस क्लब महासमुंद का विधिवत शुभारंभ किया गया। महासमुंद के एक हाल में नए क्लब का चार्टर व शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। रीजन चेयरपर्सन लायन शांतिलाल शर्मा ने महासमुंद क्लब के अध्यक्ष पारस चोपड़ा, सचिव शंकर पांडे, कोषाध्यक्ष मूलचंद लड्ढा सहित 23 सदस्यों को शपथ दिलाई। समारोह के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन विजय अग्रवाल थे। विशिष्ट अतिथि वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन रिपुदमन सिंह पुसरी, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन बसंत मिश्रा, जीईटी कोऑर्डिनेटर अनिल अग्रवाल व जोन चेयरपर्सन लायन राकेश अग्रवाल थे। अध्यक्षता लायन प्रेमचंद श्रीश्रीमाल ने की। सभा का संचालन लायन नीरज मनजीत ने किया। इस अवसर पर महासमुंद के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा और पूर्व मंत्री पूनम चन्द्राकर सहित नगर के अनेक राजनेता, गणमान्य नागरिक, महिलाएं तथा मीडिया पर्सन उपस्थित थे।

## चौपाटी संचालन के लिए नोटिस जारी कर दी गई समझाइश

**पाण्डातराई।** नगर पंचायत पाण्डातराई के वार्ड क्रमांक 05 मुख्य मार्ग पर मार्गों पर लगने वाले ठेले एवं फास्टफूड दुकानों को सुव्यवस्थित करने के उद्धेश्य से पूर्व में चैपाटी का निर्माण कराया गया था। विगत वर्षों में राष्ट्रीय, राज्य मार्ग के निर्माण कार्य प्रगति पर होने तथा मार्ग की चैड़ाई बढ़ाए जाने के कारण नगर पंचायत द्वारा निर्मित चैपाटी का पहुंच मार्ग बाधित हो गया था, जिसके चलते चैपाटी का संचालन प्रारंभ नहीं किया जा सका। सीएमओ अभिषेक सिंह ने बताया कि वर्तमान में मुख्य मार्ग पर ठेले लगाकर व्यवसाय करने वाले कुल 11 दुकानदारों को नगर पंचायत द्वारा दिनांक 02 जनवरी को नोटिस जारी कर निर्धारित स्थल पर दुकान लगाने हेतु समझाइश दी गई। इस पर सभी दुकानदारों द्वारा सहमति व्यक्त करते हुए 05 जनवरी से नगर पंचायत द्वारा निर्मित चैपाटी स्थल पर दुकान लगाने की सहमति प्रदान की गई है।

**ग्रामीणों ने लगाया आरोप, सहसपुर-बड़ौदा बांध में खप रहा बिना रॉयल्टी का पत्थर**

# बचेड़ी होकर गुजर रहे ओवरलोड ट्रक, पीएमजीएसवाई सड़क बर्बादी की कगार पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

तालपुर गिट्टी खदान से हो रहा अवैध खनन अब पूरी तरह बेकाबू हो चुका है। बिना रॉयल्टी और बिना वैध दस्तावेजों के निकाले जा रहे बड़े-बड़े पत्थरों की ढुलाई के लिए ग्राम बचेड़ी को मुख्य ट्रांजिट रूट बना दिया गया है।

रोजाना भारी और जरूरत से ज्यादा ओवरलोड ट्रक बचेड़ी गांव से होकर सहसपुर की ओर बेखौफ गुजर रहे हैं, लेकिन खनिज विभाग अब तक मौन साधे बैठा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि ट्रक ड्राइवरों ने खुद यह कबूल किया है कि पत्थर बिना रॉयल्टी के ले जाया जा रहा है और यह सामग्री सहसपुर-बड़ौदा क्षेत्र में बन रहे बांध के निर्माण कार्य में खपाई जा रही है। सवाल उठता है कि सरकारी या अर्द्ध-सरकारी निर्माण कार्यों में अवैध खनन का माल आखिर किसके संरक्षण में उपयोग किया जा रहा है?

ग्राम बचेड़ी से गुजरने वाले इन ओवरलोड ट्रकों ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़क को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। सड़क पर गहरे गड्ढे, दरारें और धंसान साफ दिखाई दे रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भारी वाहनों की वजह से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद खनिज विभाग, परिवहन विभाग और स्थानीय प्रशासन ने आंख मूंदे रखी, जिससे यह संदेह और गहराता जा रहा है कि कहीं न कहीं विभागीय मिलीभगत से ही यह अवैध पत्थर परिवहन फल-फूल रहा है। ग्रामीणों ने उठाए सवाल इन हालातों में ग्रामीणों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं ग्राम बचेड़ी से रोज गुजर रहे ओवरलोड ट्रकों की जानकारी खनिज विभाग को नहीं है, यह कैसे संभव है? बिना रॉयल्टी इतने बड़े पैमाने पर पत्थर ढुलाई की अनुमति किसने दी?

सड़क टूटने और राजस्व हानि की जिम्मेदारी कौन लेगा? ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय रहते इस अवैध खनन और ढुलाई पर रोक नहीं लगाई गई, तो ग्राम बचेड़ी की सड़क पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगी और शासन को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा और इसका खामियाजा क्षेत्र के ग्रामीणों को भुगतना पड़ेगा। अब ग्रामीणों की मांग है कि अवैध खनन, ओवरलोडिंग और बिना रॉयल्टी परिवहन के खिलाफ तत्काल कार्रवाई कर दोषियों पर एफआईआर दर्ज की जाए, अन्यथा आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

# गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में सम्मानित होंगी लखपति दीदी-लता साहू

- टेंट-कैटरिंग व्यवसाय शुरू कर पेश की आत्मनिर्भरता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आ जी वि का मिशन अंतर्गत बिहान योजना आज जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव की सशक्त मिसाल बन चुकी है। इसी योजना से जुड़कर कबीरधाम जिले के ग्राम सेमो की लता साहू ने अपने आत्मविश्वास, परिश्रम और महिला स्व-सहायता समूह की ताकत से सफलता की प्रेरक कहानी लिखी है। लता साहू की आर्थिक स्थिति पहले सामान्य थी।

सीमित आय के कारण परिवार की दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करना कठिन हो जाता था। ऐसे समय में उन्होंने महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ने का निर्णय लिया, जो उनके जीवन का निर्णायक मोड़ साबित हुआ। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें न केवल बचत की आदत पड़ी, बल्कि समूह के माध्यम से आजीविका ऋण भी प्राप्त हुआ। इस ऋण राशि का सदुपयोग करते हुए लता साहू ने टेंट एवं कैटरिंग व्यवसाय की शुरुआत की। प्रारंभ में छोटे स्तर पर शुरू किया गया यह व्यवसाय धीरे-धीरे उनकी आय का स्थायी और मजबूत साधन बन गया। समय पर कार्य, गुणवत्ता और निरंतर मेहनत के बल पर उनका व्यवसाय लगातार आगे बढ़ता गया, जिससे उनकी मासिक एवं वार्षिक आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। आज लता साहू "लखपति दीदी" के रूप में पहचानी जाती हैं। वे न केवल स्वयं आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं, बल्कि अपने परिवार की जरूरतों को आत्मसम्मान के साथ पूरा करने में भी सक्षम बनी हैं। लता साहू की सफलता ने महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ी अन्य महिलाओं को भी प्रेरित किया है।